जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 3 सितम्बर, 2023

# ऐतिहासिक

# N P O

# 70% बिका सेजस्थान

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA
सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

## 5% बढ़ा सेजस्थान
## 45% और बढ़ेगा सेजस्थान

| बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट | | अगस्त की रेट | सितम्बर की रेट | पजेशन की रेट |
|---|---|---|---|---|
| युनिट टाइप | साइज | NPO New Product Offer | +5% | +50% |
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 67.50 L |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 75 L |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 82.50 L |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 90 L |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 105 L |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 150 L |

POSSESSION DEC. 2025

KEDIA®

1800 120 2323
info@kedia.com www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# ज्ञान, समझ व युक्ति के संयोजन से सुखी और हितकारी जीवन संभव

ज्ञान, समझ और युक्ति जीवन के सभी पहलुओं से जुड़े तीन महत्वपूर्ण स्तम्भ हैं। ज्ञान वस्तुतः आंकड़ों से आंकड़ों, या आंकड़ों से सूचना या सूचना से सूचना के संयोग का ऐसा संग्रह है जिसका सन्देश स्पष्ट होता है। ज्ञान के कम से कम तीन प्रकार हैं:– शोध आधारित–ज्ञान, अनुभवजन्य–ज्ञान और पारंपरिक ज्ञान। कार्य–संपादन में इन तीनों का महत्वपूर्ण योगदान है। अच्छा नेतृत्व नवीन ज्ञान को जीवन भर सीखता रहता है। आधुनिक वैज्ञानिक सन्दर्भ में ज्ञान के उत्पादन के चार तरीके हैं:– थ्योरी, ऑब्जरवेशन, एक्सपेरिमेंट और मॉडलिंग। यहाँ युक्ति, जिसकी बात हम आगे करेंगे, को मॉडलिंग के समकक्ष माना जाता है क्योंकि पूर्व में उपलब्ध आंकडों के आधार पर मैथमेटिकल–मॉडलिंग के द्वारा भविष्य की स्थिति का ज्ञान किया जाता है।

ज्ञान एक मूल्यवान संपत्ति है और यह व्यक्ति की शक्ति, प्रभाव और उपयोगिता को बढ़ाता है। आज के कार्यबल में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए लगातार नया ज्ञान सीखना महत्वपूर्ण है। नवाचार और रचनात्मकता में ज्ञान एक महत्वपूर्ण कारक है। प्रभावी संचार के लिए ज्ञान भी आवश्यक है। जिन लोगों को किसी विषय की गहरी समझ होती है, वे आसानी से दूसरों को समझा सकते हैं, अपने विचार साझा कर सकते हैं, और समस्याओं के हल करा सकते हैं। पर ज्ञान से आगे की यात्रा और भी महत्वपूर्ण है।

किसी कार्य को सम्पादित करते समय ज्ञान का उपयोग करने से अनुभव प्राप्त होता है। जीवन के विविध क्षेत्रों में विविध प्रकार के अनुभव प्राप्त होते रहते हैं, जिससे ज्ञान से आगे हमारी समझ या विजडम बढ़ती रहती है। विजडम को भारतीय दर्शन में बुद्धिमत्ता, मनीषा, मतिमानता, प्रज्ञा, प्रज्ञता, बुद्धिमानी, ज्ञान, ज्ञान–परिपूर्णता, ज्ञानज्ञता–कर्मज्ञता, समझ आदि कहा जाता है। प्राचीन दृष्टिकोण के साथ ही पिछले पाँच दशकों के दौरान साइंस ऑफ़ विजडम पर अनुसंधान में भी भारी बढ़ोत्तरी हुई है। विजडम को परिभाषित करने के अनेक प्रयत्न हुये हैं किन्तु अभी तक सर्वमान्य परिभाषा का निर्धारण नहीं हो पाया है। विजडम व्यक्तित्व की सामाजिक–मनोवैज्ञानिक विशेषता मात्र नहीं है बल्कि यह एक न्यूरो बायोलॉजिकल विशेषता है जो समाजोन्मुखी व्यवहार, भावनात्मक–नियमन और आध्यात्मिकता जैसे विशिष्ट घटकों से मिलकर बनती है। इस बात को आगे और भी स्पष्ट करेंगे।

हाल ही में लोगों में विजडम के घटकों को बढ़ाने के लिये व्यक्तिगत हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन मेटा–एनालिसिस द्वारा किया गया। इस अध्ययन में ऐसे क्लिनिकल ट्रायल्स को समाविष्ट किया गया जो विजडम बढ़ाने के लिये अभी तक क्रियान्वित किये गये थे। इसमें 7096 व्यक्तियों से जुड़े 57 अध्ययनों के आंकड़े समाहित किये गये थे। विजडम के सभी घटकों से संबंधित आंकड़े तो नहीं मिल पाये किन्तु समाजोन्मुखी–व्यवहार (प्रोसोशलबेहवियर) से संबंधित 29, भावनात्मक विनियमन (इमोशनलरेगुलेशन) से संबंधित 13 और आध्यात्मिकता (स्पिरिचुअलिटी) से संबंधित 15 अध्ययन शामिल किये गये थे। मेटा–एनालिसिस के परिणाम बताते हैं कि आध्यात्मिकता, भावनात्मक–नियमन और समाजोन्मुखी व्यवहार को बढ़ाने के लिये किये गये हस्तक्षेप व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देते हैं (देखें, ई.ई. ली इत्यादि, जामा साइकेइट्री, 77(9):925–935, 2020)।

शोधकर्ताओं को मेटा–एनालिसिस में सम्मिलित करने हेतु विजडम बढ़ाने के उपायों पर ऐसे अध्ययन नहीं मिले जो विजडम के सभी घटकों की समग्रता को एकीकृत रूप से समाहित करते हुये किये गये हों। इस मेटा–एनालिसिस में सम्मिलित समीक्षा के अनुसार विजडम को मापने के लिये कई दृष्टिकोण उपलब्ध हैं। उदाहरण के लिये विजडम को दो रूपों में देखा जा सकता है–पहला उपयोगी अंतर सैद्धांतिक बुद्धिमत्ता (थ्योरेटिकल विजडम या जीवन के यथार्थ की समझ; प्रकृति और मानव के रिश्तों की समझ आदि) और दूसरी व्यावहारिक बुद्धिमत्ता (प्रैक्टिकल विजडम / फ्रोनेसिस, सही कारणों के लिये, सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता) सम्मिलित है। इन दोनों प्रकारों में सम्मिलित घटकों को मापने की विधियां और क्षमता वैज्ञानिक विकसित कर चुके हैं। परन्तु सैद्धांतिक ज्ञान (गहन समझ) की तुलना में व्यावहारिक ज्ञान (व्यावहारिक समझ) को प्रश्नावली के माध्यम से अधिक सुगमता से मापा जा सकता है। इस मेटा–एनालिसिस में व्यावहारिक समझ के सम्बन्ध में समाजोन्मुखी व्यवहार और भावनात्मक विनियमन को लिया गया और सैद्धांतिक समझ के संबंध में आध्यात्मिकता को शामिल किया गया। बुद्धिमत्ता के अन्य घटकों से जुड़े इंटरवेंशन वाले अध्ययनों की कमी के कारण निर्णय लेने की क्षमता, अनिश्चितता से निपटने की क्षमता, और सहिष्णुता जैसे घटक अध्ययन में शामिल नहीं किये जा सके। फिर भी जिन तीन घटकों को शामिल कर यह अध्ययन किया गया वह नया रास्ता दिखाने वाला है क्योंकि अध्ययन में सम्मिलित तीनों घटक अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। विजडम जैसे विषय यदि एम्पिरिकल रिसर्च की सीमाओं से परे ना भी हों तो भी काफी चुनौतीपूर्ण हैं।

**युक्ति केवल कोरा दर्शन नहीं बल्कि एक ठोस प्रायोगिक साधन है। एक उदाहरण से युक्ति का ठोस प्रायोगिक महत्त्व और भी स्पष्ट हो जायेगा। सामान्य-विशेष सिद्धान्त के अनुसार एक जैसे भावों (द्रव्य, गुण और कर्म) को समान प्रकार के भावों से मिलाने पर बढ़त होती है और विशेष या असमान भावों को मिलाने पर ह्रास या घटत होती है। यह विज्ञात अर्थ है।**

प्रज्ञा के संबंध में यह बताना भी उपयोगी है कि आध्यामिकता इसका एक महत्वपूर्ण घटक है (देखें, डी.वी. जेस्ते इत्यादि, जर्नल ऑफ़ साइकियाट्रिक रिसर्च, 132:174–181, 2021)। आध्यामिकता और धार्मिकता में अंतर समझना जरूरी है। आध्यात्म हमें प्रकृति के समीप ले जाता है। आध्यामिकता व्यक्ति को व्यक्ति के समीप ले जाती है। आध्यामिकता प्राकृतिक तंत्रों के समीप भी ले जाती है। आध्यात्म वस्तुतः आत्मावलोकन और आत्म–समीक्षा के अवसर प्रदान करता है। आत्म–समीक्षा में यह भी शामिल है कि प्रकृति के साथ हमारे क्या संबंध हैं और हमें प्रकृति को बेहतर करने में हमारा क्या योगदान है। धार्मिकता एक अलग विषय है। धर्म की त्रुटिपूर्ण किन्तु बड़ी लोकप्रिय व्याख्या लोगों के बीच में मिलती है। ध्यान दीजिये, आध्यामिकता में किसी एक धर्म के प्रति निष्ठा महत्वपूर्ण नहीं है। आध्यात्मिकता जहां एक और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं के जैसा मानने का विचार देती है वहीं दूसरी ओर धर्म की समकालीन स्थिति यह है कि सारा विश्व अलग–अलग जाति धर्म और संप्रदाय में बंट गया है। आत्मवत्सर्वभूतेषु का सिद्धांत आध्यात्म की मूल आत्मा है। दरअसल एक रिलीजियस व्यक्ति आध्यात्मिक भी हो सकता है, लेकिन एक आध्यात्मिक व्यक्ति धर्म के लोकप्रिय स्वरुप के अनुसार धार्मिक भी हो ऐसा आवश्यक नहीं है। यहाँ यह भी समझना आवश्यक है कि भारतीय दर्शन में धर्म शब्द का मूल अर्थ उस शब्द से नहीं है जिसे दुनिया रिलीजन कहती है। असल में धर्म का मूल अर्थ व्यक्ति के नियत कर्तव्यों और उनके पालन से है।

प्राचीन सांस्कृतिक एवं धार्मिक साहित्य में भी समझ के वैज्ञानिक स्वरूप देखे जा सकते हैं। उदाहरण के लिये वैज्ञानिकों द्वारा गीता का अध्ययन कर उसमें विजडम, प्रज्ञा, ज्ञान आदि पर 10 घटक खोजे गये हैं। इनमें से जीवन का ज्ञान, भावनात्मक विनियमन (इमोशनलरेगुलेशन) या आत्म–नियंत्रण, इच्छाओं पर नियंत्रण, मध्यम–मार्ग (मॉडरेशन या टेम्पेरेंस) निर्णायकता, आत्मा और उसके विषय में ज्ञान, ईश्वर पर विश्वास, कर्म–योग, आत्म–संतोष, प्राणियों के प्रति दया, दान, योग इत्यादि ऐसे विषय हैं जो केवल दर्शन या धर्म के विषय नहीं हैं बल्कि क्लिनिकल ट्रायल्स में भी उपयोगी पाये गये हैं। वर्तमान और अद्यतन शोध की स्थिति यह है कि विजडम, बुद्धिमत्ता या प्रज्ञा के कम से कम सात घटक पहचाने जा चुके हैं। इनमें (1) सहिष्णुता एवं वैचारिक विविधता को स्वीकार करना, (2) अनिश्चितता के रहते हुये भी निर्णय लेने की क्षमता, (3) भावनात्मक विनियमन या इमोशनल रेगुलेशन, (4) समाजोन्मुखी व्यवहार या प्रोसोशल बिहेवियर जिसमें आत्म–नियंत्रण, दया, सहायता और करुणा आदि शामिल हैं, (5) आत्म–समीक्षा, (6) उचित सलाह देने में तत्परता या सोशल एडवाइजिंग तथा (7) आध्यात्मिकता शामिल हैं। जिस व्यक्ति में यह सभी सातों क्षमतायें (प्रज्ञा के घटक) पाये जाते हैं वह उन परिस्थितियों से बड़ी आसानी से बाहर निकल जाता है जिनमें प्रज्ञा में कमी वाले व्यक्ति उलझ जाते हैं।

वस्तुतः प्रज्ञा का मूल उद्देश्य स्वयं की और समाज की जिंदगी में बेहतरी लाना है। यहां एक प्रश्न उठता है कि यह विजडम, बुद्धिमत्ता या प्रज्ञा तो दुधारी तलवार हो सकती है। कोई ऐसा व्यक्ति भी हो सकता है जिसमें तिकड़मी बुद्धिमत्ता या एविल–विजडम हो। दरअसल ऐसा नहीं होता। यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि प्रज्ञा व्यक्ति को सदैव आत्म–नियंत्रित, आत्म–समीक्षक, और समाजोपयोगी ही बनाती है। प्रज्ञावान व्यक्ति अपने जीवन को सदैव बेहतर बनाता है और एक ऐसी आयु प्राप्त करता है जिसे आयुर्वेद में सुखायु कहा जाता है। सुखायु के साथ–साथ प्रज्ञावान व्यक्ति एक ऐसी आयु भी प्राप्त करता है जिसे आयुर्वेद में हितायु कहा जाता है। सुखायु और हितायुप्रज्ञावान व्यक्ति के लिये ही संभव है। शातिर दिमाग, तिकड़मी या चलता–पुर्जा व्यक्ति प्रज्ञावान नहीं होता। तिकड़म के लिये उसके पास जानकारी बहुत हो सकती है परंतु प्रज्ञाविहीन कोरी जानकारी सुखायु और हितायु नहीं प्रदान कर सकती।

अब हम ज्ञान और समझ से आगे चलकर युक्ति की बात करते हैं जो ज्ञान और समझ से भी आगे समस्याओं के हल का रास्ता है। यह लोगों को लीक से हटकर सोचने और समस्याओं के समाधान हेतु विविध विकल्प देते हुए श्रेष्ठ विकल्प चुनने में मदद करती है। युक्ति एक सार्वभौमिक प्रबंधकीय सिद्धांत है। प्राचीन भारत के महर्षि–वैज्ञानिक आचार्य चरक, जो युक्ति–व्यपाश्रय सिद्धांत के जनक माने जाते हैं, के अनुसार अनेक कारणों की समग्रता और एकीकरण से उत्पन्न भावों को जो बुद्धि देखती है, वह युक्ति है। युक्ति से वर्तमान, भूत और भविष्य, तीनों कालों को जाना जा सकता है। युक्ति के द्वारा धन–संपत्ति, धर्म और कत्तर्व्यपालन और उपभोग और आनंद प्राप्त किया जाता है (च.सू.11.25): बुद्धिःपश्यति या भावान्बहुकारणयोगजान्। युक्तिस्त्रिकाला सा ज्ञेयात्रिवर्गःसाध्यतेयया।। ध्यान दीजिये, यहाँ आचार्य चरक ने युक्ति को परिभाषित तो किया ही है, साथ ही युक्ति के लक्षण और व्यापक सार्वभौमिकता का दर्शन भी स्पष्ट किया है। युक्ति के द्वारा अर्थ, धर्म और काम की सिद्धि का सिद्धांत वस्तुतः जीवन में पुरुषार्थ साधने की रणनीति है। संक्षेप में कहें तो पूर्व में प्राप्त समठा अनुभव और जानकारी के द्वारा अज्ञात को जान लेने वाली बुद्धि ही युक्ति है।

युक्ति केवल कोरा दर्शन नहीं बल्कि एक ठोस प्रायोगिक साधन है। एक उदाहरण से युक्ति का ठोस प्रायोगिक महत्त्व और भी स्पष्ट हो जायेगा। सामान्य–विशेष सिद्धान्त के अनुसार एक जैसे भावों (द्रव्य, गुण और कर्म) को समान प्रकार के भावों से मिलाने पर बढ़त होती है और विशेष या असमान भावों को मिलाने पर ह्रास या घटत होती है। यह विज्ञात अर्थ है। इस सिद्धान्त के अनुसार एक बात स्पष्ट होती है कि घर में गुस्सैल किशोर या किशोरी के गुस्से को ठंडा करने के लिये यदि माता–पिता गुस्से और चिड़चिड़ाहट से पेश आते हैं तो किशोरों का गुस्सा और ज्यादा भड़केगा। इसके विपरीत यदि गुस्सैल किशोर या किशोरी से माता–पिता स्नेहपूर्वक व्यवहार करें उनका गुस्सा भी शांत हो जाता है। यह युक्ति है।

दैनिक जीवन में समस्या–समाधान हेतु ज्ञान, समझ और युक्ति एक साथ और उत्तरोत्तर श्रेणीबद्ध रूप दोनों प्रकार से उपयोगी हैं। ज्ञान जानकारी और तथ्य प्रदान करता है जो हमें समस्या को समझने और संभावित समाधानों पर मंथन करने में मदद कर सकता है। समझ हमें पिछले अनुभव और स्थिति के आधार पर बुद्धिमानी से निर्णय लेने में मदद करती है। युक्ति हमें आगा–पीछा देखकर एक जटिल समस्या को छोटे, आसानी से प्रबंधन–योग्य चरणों में तोड़ने में मदद करती है, जिसे समस्या को कुशलतापूर्वक हल करने के लिए लागू किया जा सकता है। इन तीन बहुआयामी संसाधनों के बिना जीवन में हर क्षण आने वाली जटिल समस्याओं का प्रभावी समाधान निकालना लगभग असंभव हो जाता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित है )**

# रिश्ता हृदय, आंत और अखरोट का



डॉ. रामावतार शर्मा

बहुत कम लोग इस जानकारी के प्रति सजग हैं कि हमारे स्वस्थ रहने में हमारी आंतों का बहुत बड़ा योगदान होता है। हमारे शरीर की हर एक कोशिका के मुकाबले हमारी आंतों में 1.013 संख्या में अधिक बैक्टीरिया होते हैं यानि जितनी कोशिकाएं हमारे शरीर में होती हैं उनसे कुछ ज्यादा बैक्टीरिया हमारी आंतों में होते हैं। इसे गट माइक्रोबायोम कहा जाता है। अधिकतर बैक्टीरिया हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने का कार्य करते हैं इन बैक्टीरिया को कॉमेंसल कहा जाता है। कोई 5 प्रतिशत बैक्टीरिया शरीर के लिए घातक होते हैं जिन्हें पैथोजन कहा जाता है। ये बैक्टीरिया ही सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं जिसकी वजह से यह तै होता है कि शरीर रोगग्रस्त होगा या निरोग रहेगा। खासकर दीर्घकालीन रोगों को लेकर आंतों के माइक्रोबायोम का बड़ा महत्व है।

ऐसे में एक पुरानी कहावत '**जैसा खाओगे अन्न, वैसा रहेगा तन**' बड़ी सटीक लगती है क्योंकि गट माइक्रोबायोम आपके भोजन की गुणवत्ता और मिश्रण पर निर्भर करता है। आजकल हार्ट अटैक और वह भी युवा लोगों में बहुत सुनने में आता है। लोग सवाल उठाते रहते हैं कि ऐसा क्यों हो रहा है और ऐसा क्या किया जाए कि भोजन के द्वारा इन खतरनाक बीमारियों को रोका जा सके। इसके चलते अमेरिका की टेक्सन टेक यूनिवर्सिटी ने आंतों के माइक्रोबायोम और उसके बाद हृदय में होने वाले परिवर्तनों पर अखरोट के प्रभाव का एक अध्ययन किया है जो काफी दिलचस्प लगता है।

हृदय रोग मृत्यु के सबसे बड़े कारणों में से एक होते हैं। अमेरिका में हर वर्ष 7 लाख लोग यकायक मर जाते हैं। भारत में यह संख्या काफी बड़ी है पर यह कष्ट की बात है कि यहां प्रामाणिक और विश्वास योग्य आंकड़ों का पूरा अभाव है। हृदय रोग के प्रमुख जनक जीवनशैली एवम् भोजन में कुछ कमी या अधिकता हैं। हृदय संबंधी भोजन कम वसा, कम चीनी एवम् कम नमक को प्राथमिकता देता है। मांसाहारी भोजन में पतला मांस जैसे चिकन और मछली आदि की सलाह दी जाती है। संवर्धित भोजन (प्रोसेस्ड फूड) को ट्रांसफैट की मात्रा के अनुसार अनुपयुक्त पाया गया है। इस तरह से फल, हरी सब्जियां, मोटा अनाज, सूखे मेवे, मछली और चिकन आदि हृदय को स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं।

इन सब खाद्य पदार्थों में से अखरोट पर काफी अध्ययन हुआ है जिसमें इसे हृदय के स्वास्थ्य का रक्षक पाया गया है। अखरोट यह कार्य आंतों के माइक्रोबायोम को स्थिर करके करता है। दही, योगर्ट, याकुल्ट, अचार, कोमबुचा चाय आदि द्वारा हमारे शरीर को प्रोबायोटिक मिलते रहते हैं जो हमारी आंतों के स्वास्थ्य में सहायक होते हैं। अखरोट में ओमेगा 3 अल्फा लिनोलेनिक एसिड (आला) नामक पदार्थ होता है जो प्रज्वलन (इंफ्लेमेशन) को कम करके आंतों के माइक्रोबायोम को स्थिर रखता है। इसके अलावा अखरोट के सेवन से रक्त में होमोआर्जिनाइन नामक पदार्थ के स्तर बढ़ जाते हैं, होमोसिस्टाइन कम हो जाता है। इसके फलस्वरूप हृदय का स्वास्थ्य बेहतर होने लगता है।

मैक्गोरेन मेडिकल स्कूल ऑफ यू टी हेल्थ, हस्टन के डॉक्टर जॉन हॉगिंस के अनुसार आला कोलेस्ट्रॉल संतुलन को सही रखता है, मेटाबोलिक सिंड्रोम (मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च यूरिक अम्ल) के खतरों को कम करता है जिसके कारण हृदय रोग में कमी आती है। अमेरिका की जानियातो कॉलेज की मानसी चंद्रा का कहना है कि अखरोट आंत के माइक्रोबायोम जिस तरह के सकारात्मक रूप में प्रभावित करता है उस पर व्यापक अध्ययन होना चाहिए क्योंकि तब हमें हमारे शरीर पर होने वाले फायदों के साथ यह भी पता चल पाएगा कि ये फायदे किस प्रक्रिया के द्वारा हो रहे हैं। ऐसा होने पर हम अपने हृदय की बेहतर देखभाल कर पाएंगे।

आज की स्थिति में हमारे भोजन में 50 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 16 प्रतिशत प्रोटीन और 34 प्रतिशत फैट होनी चाहिए। इस भोजन में विभिन्न भोजन शैलियों को देखते हुए रोजाना 60 – 90 ग्राम अखरोट होने चाहिएं। अब यहां एक बड़ा सवाल सामने आता है कि कितने लोग अखरोट खरीदने की क्षमता रखते है, मांग बढ़ने पर इसकी कीमत किन ऊंचाइयों को छूने लगेगी और बाजार में मिलने वाले अखरोट की गुणवत्ता क्या है? इन सवालों के जवाब मिलें, तब तक जो लोग अखरोट क्रय करने में सक्षम हैं वे अपने माइक्रोबायोम और हृदय को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए इसका उपयोग प्रारंभ कर सकते हैं।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# राजपूताना इंटरनेशनल पोलो टीम ने मोरक्को में जीत हासिल की

**जोधपुर,** (कासं)। राजपूताना इंटरनेशनल पोलो टीम ने मोरक्को में 'महाराजा दी जोधपुर चैंपियनशिप–2023' में जीत हासिल की। जोधपुर पोलो एवं इक्वेस्ट्रियन इंस्टिट्यूट के सचिव जंगजीत सिंह ने बताया कि पूर्व महाराजा गज सिंह की मौजूदगी व संरक्षण व मॉन पैट्रिक गुएरांड हर्मेस की देखरेख में टीम ने मोरक्को में पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। राजपूताना टीम के माध्यम से इंटरनेशनल पोलो की परंपरा को फिर से जीवित करना अपने आप में एक उपलब्धि है।

- **टीम कप्तान सवाई पद्मनाम सिंह जयपुर ने कहा कि यह टीम के संगठन व मेहनत का परिणाम है**
- **राजपूताना इंटरनेशनल पोलो टीम ने 'महाराजा दी जोधपुर चैंपियनशिप-2023' में जीत हासिल की**

उन्होंने कहा कि 'टूरनोई महाराजा दी जोधपुर चैंपियनशिप–2023' में विजय ने पोलो की तारीख में इतिहास रचा है। टीम कप्तान सवाई पद्मनाम सिंह जयपुर ने कहा कि यह टीम के संगठन व मेहनत का परिणाम है। भारत का इंटरनेशनल मंच पर चैंपियन जितना अपने आप में एक बड़ी जीत है। टीम प्रबंधक अंकुर मिश्रा, जो एक पोलो खिलाड़ी और जोधपुर पोलो और जयपुर पोलो मैगजीनों के मुख्य संपादक भी हैं, ने टीम की महत्वपूर्ण सफलता के पीछे उनकी प्रशिक्षण और रणनीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि "टूरनोई महाराजा दी जोधपुर चैम्पियनशिप 2023" ने वैश्विक पोलो में एक अमिट निशानी छोड़ी है, और आने वाले समय में और भी शानदार प्रदर्शनों की उम्मीद है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने एक शानदार प्रदर्शन किया। अंगद कलान, पद्मनाभ सिंह, और राघव राज ने बहुत मजबूती और मेल–मिलाप से टीम रणनीति को सफलतापूर्वक निभाया और भारत का झंडा, एक बार और इंटरनेशनल गेम्स में परचम दिखाया।



**राजपूताना इंटरनेशनल पोलो टीम ने मोरक्को में जीत हासिल कर परचम लहराया।**

जानकारी अनुसार चैंपियनशिप 27 अगस्त को शुरू हुई जिसमें भारत, मोरक्को, अमेरिका और चेक गणराज्य की टीमें भाग ले रही है। पहले दिन 29 अगस्त के मैच में अमेरिका ने मोरक्को को हराया, दूसरे मैच में राजपूताना टीम ने चेक गणराज्य को 5–3 से हराया। इसमें अंगद, एच एच जयपुर व राघव राज का खास योगदान रहा। दूसरे दिन 30 अगस्त को राजपूताना टीम ने मोरक्को से मैच खेला जिसमें मोरक्को ने एक गोल से जीत हासिल की। तीसरे दिन 31 अगस्त को फाइनल मैच में राजपूताना टीम ने अमेरिका से खेला और अपनी कुशलता से जीता।

# बरामदा व प्याऊ को भूमाफिया ने ट्रेक्टर व जेसीबी से ध्वस्त किया

**पावटा,** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र पावटा के ग्राम मांजूकोट में ब्राह्मण समाज के पूर्वजों द्वारा करीब 100 वर्ष पूर्व ठडेश्वर महाराज की बगीची के आम रास्ते में बनाये गये पट्टाशुदा बरामदे व प्याऊ को भूमाफियाओं द्वारा ट्रेक्टर व जेसीबी से खुर्द–बुर्द कर तोड़ दिया गया।

- **ब्राह्मण समाज के पूर्वजों द्वारा बनाया गया था बरामदा व प्याऊ**
- **लोगों ने भूमाफिया की गिरफ्तारी की मांग की**



**पावटा के ग्राम मांजूकोट में भूमाफियाओं द्वारा ध्वस्त किया गया बरामदा व प्याऊ।**

जानकारी के अनुसार भूमाफिया यालीराम यादव पुत्र बनवारी लाल यादव, प्रकाश यादव पुत्र हनुमान यादव निवासी कांकराणा के खेत बरामदे व प्याऊ के पीछे हैं। सुबह जब ग्रामीणों ने बरामदे व प्याऊ को टूटा हुआ देखा तो ग्रामीणों में आक्रोश व्यापत हो गया व ग्रामीणों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे सर्व समाज के लोगों ने इसका विरोध किया। वहीं बैठक में समाज के प्रतिष्ठित लोगों योगेश शर्मा पुत्र रामजीलाल शर्मा, सुभाष शर्मा पुत्र बालाराम शर्मा द्वारा भू–माफियाओं से दूरभाष के जरिये वार्ता की तो उन्होंने गाली गलौच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। जिसको लेकर सर्व समाज के लोगों द्वारा भूमाफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज करवा अपमान के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रागपुरा थाने में जाकर भू–माफियाओं की गिरफ्तारी की मांग की। भूमाफियाओं पर कार्यवाही नहीं होने पर धरना प्रदर्शन व उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

इस दौरान जुगल किशोर यादव, अजय यादव, मंजीत यादव, सुंदरलाल यादव, राम करण वर्मा, शिवराम वर्मा, रामेश्वर वर्मा, मूलचंद वर्मा, पंडितपुरा सरपंच मनोज वर्मा, सुभाष वर्मा, नेतराम, कृष्ण शर्मा, दिनेश जांगिड, मुकेश सैन सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीकर में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत

**सीकर,** (निसं)। बागेश्वर धाम के संत धीरेंद्र शास्त्री के सीकर पहुंचने पर यहां की जनता ने उनके स्वागत में पलक पावड़े बिछाये। शनिवार को दोपहर दो बजे तारापुरा हवाई पट्टी पर धीरेंद्र शास्त्री के पहुंचने पर यहां उपस्थित करीब दो हजार लोगों व भक्तों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान आयोजनकर्ताओं व भक्तों ने जयश्रीराम के जयकारों से आसमान गुंजायमान कर दिया।

इसके बाद बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री को मोटरसाइकिल व वाहनों के काफीले के साथ कार्यक्रम स्थल ले जाया गया। इस दौरान लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान धीरेंद्र शास्त्री पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। धीरेंद्र शास्त्री के स्वागत में करीब पचास हजार लोगों की भीढ़ रही। इस दौरान कथा पंडाल में लोगों ने सुबह नौ बजे से ही अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। तारापुरा के आसपास के गांवों के लोगों की भी भारी तादाद इनके दर्शनों के लिए रही। बागेश्वर धाम के संत धीरेंद्र शास्त्री करीब चार घंटा देरी से पहुंचे। इसलिए लोग सुबह दस बजे से ही तपती दोपहरी में इंतजार करते रहे।

## राशिफल रविवार 3 सितम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, रेवती नक्षत्र दिन 10:38 तक, वृद्धि योग रात्रि 3:11 तक, बव करण प्रातः 7:37 तक, चन्द्रमा आज दिन 10:38 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–सिंह, चन्द्रमा–मीन, मंगल–कन्या, बुध–सिंह, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 10:38 से सूर्योदय तक है। आज संकष्ट चतुर्थी व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 9:07 पर होगा। आज बहुला चौथ है। श्रवण तपस्या पूर्ण होगी। पंचक दिन 10:48 तक है। आज रक्षा पंचमी (उड़ीसा) है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:46 से 9:19 तक, लाभ–अमृत 9:18 से 12:26 तक, शुभ 2:00 से 3:34 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:10, सूर्यास्त 6:42

**मेष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। अपने महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

**वृष**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। पारिवारिक कार्यों व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में प्रगति होगी।

**कर्क**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**सिंह**
व्यक्तिगत कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**कन्या**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता हो सकती है।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा।

**धनु**
परिजनों का व्यवहार अच्छा नहीं रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखना ठीक रहेगा। वाद–विवाद से बचने का प्रयास करें।

**मकर**
घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी वाद–विवाद बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 33 प्रभात जयपुर, रविवार 3 सितम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Satyjit Roy Will Get A Statue In Rajasthan**

Tour guides take visitors through the locations where Sonar Kella was shot, there are signs that point towards "Mukul Bari".

**The English Calendar Riots of 1752**

How our calendars lost 11 days in September 1752




*भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर भाजपा के चुनावी कार्यक्रमों का जोर-शोर से शंखनाद कर दिया है। नड्डा ने रणथम्भौर के प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की तथा उसके बाद परिवर्तन यात्रा के रथ को रवाना किया। गणेश मंदिर में नड्डा के साथ मिलकर प्रदेश भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। उसके बाद दशहरा मैदान में नड्डा ने जनसभा को संबोधित किया, इस मौके पर मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया भी मौजूद रहे। सबसे पहले मंच से भाजपा के परिवर्तन यात्रा के स्टीकर का विमोचन किया गया, उसके बाद जनसभा हुई व अंत में जे.पी. नड्डा ने परिवर्तन रथ यात्रा को रवाना किया। जनसभा के दौरान वसुधरा राजे ने ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट के मामले में मु.मंत्री गहलोत पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि, इसका दुष्परिणाम प्रदेश की भोली-भांति जनता को भुगतना पड़ रहा है।*

# जातिगत सर्वे के जवाब में केन्द्रीय सरकार हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जी. रोहिणी की रिपोर्ट पेश करेगी

## रोहिणी आयोग ने अपनी 1100 पेज की रिपोर्ट में कहा है कि, ओ.बी.सी. के एक वर्ग (यादव) ने ओ.बी.सी. वर्ग के लिये आरक्षित अधिकांश सरकारी सुविधाओं व रियायतों के लाभ पर कब्जा कर लिया है

- बिहार के कास्ट सर्वे से संबंधित एक याचिका की सुनवाई में केन्द्र सरकार ने कहा था कि, सिर्फ केन्द्र सरकार ही ऐसा सर्वे करवा सकती है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बिहार कास्ट सर्वे पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।
- जस्टिस रोहिणी कमीशन का गठन सभी ओ.बी.सी. वर्गों को चिन्हित करने तथा उन्हें उप वर्गों में वगीकृत करने के लिये हुआ था। रोहिणी कमीशन ने ओ.बी.सी. की विभिन्न जातियों व समुदायों की भारी असमानता को देखा और सरकारी योजनाओं के न्यायोचित वितरण के मानदंड व तौर-तरीके सुझाए।
- जस्टिस रोहिणी कमीशन का गठन 2017 में किया गया था और जुलाई में इसकी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पेश की गई थी।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। बिहार सरकार का "कास्ट सर्वे" तो कानूनी व प्रक्रियात्मक लड़ाई में फंसा हुआ है, वहीं, नरेन्द्र मोदी सरकार संसद के आगामी विशेष सत्र में जस्टिस रोहिणी कमीशन की रिपोर्ट को पेश करके ओ.बी.सी. का समर्थन हासिल करने की अपनी योजना को सामने लाएगी।

बिहार सरकार द्वारा कराये जा रहे जाति सर्वेक्षण (कास्ट सर्वे) से संबंधित एक याचिका के सिलसिले में केन्द्र सरकार ने दलील दी है कि इस प्रकार का सर्वे कराने के लिए केवल केन्द्र सरकार ही अधिकृत है। लेकिन 18 अगस्त के अपने आदेश में, सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार सरकार के जातिगत सर्वे के आँकड़ों के प्रकाशन पर "स्टे" देने से इनकार कर दिया था।

जहाँ बिहार-सर्वे के आँकड़े अभी विचाराधीन स्थिति में हैं, वहीं संसद में जस्टिस रोहिणी आयोग की रिपोर्ट पेश करने केन्द्र सरकार मौके का फायदा उठाकर सारा श्रेय स्वयं लेने की ताक में है। केन्द्र सरकार ने 2017 में दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश जी. रोहिणी की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया तथा आयोग को सभी ओ.बी.सी. जातियों की पहचान करने तथा उन्हें उप-श्रेणियों में श्रेणीबद्ध करने के आदेश दिये गये थे। यह आयोग ओ.बी.सी. के अन्तर्गत आने वाली विभिन्न जातियों एवं समुदायों की विषमताओं एवं असंगतियों की गहराई में गया था तथा सरकारी योजनाओं के लाभों के उचित एवं निष्पक्ष वितरण के तरीकों, आधारों तथा शर्तों के बारे में अपनी रिपोर्ट सौंप दी। ऐसी संभावना है कि जुलाई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई यह रिपोर्ट 18 सितम्बर से शुरु होने वाले संसद के विशेष सत्र में प्रस्तुत कर दी जायेगी।

पिछले चुनावों में, भाजपा को ऊँची जातियों के समर्थन के अलावा, ओ.बी.सी. के समर्थन का भी लाभ मिला है। भाजपा का कहना है कि ओ.बी.सी. के लिये लाई गईं सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ओ.बी.सी. के केवल एक वर्ग-

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# घर को लूटने वाली गहलोत सरकार को बदलना जरूरी: जे.पी. नड्डा

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने रणथम्भौर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर से भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई

- इस अवसर पर आयोजित जनसभा को जे.पी. नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी तथा नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व अन्य नेताओं ने संबोधित किया।
- वसुंधरा राजे ने ईस्टर्न रीजनल कैनाल प्रोजैक्ट का मसला उठाया और गहलोत पर राजनीति करने का आरोप लगाया। ज्ञातव्य है कि, यह मुद्दा भाजपा के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।
- प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने हिन्दुत्व पर फोकस रखा व जय श्रीराम के नारे लगवाए, वहीं नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने गिरती कानून व्यवस्था को मुद्दा बनाया व कहा कि, चार साल में तीन हजार बार पुलिस पिटी फिर कानून व्यवस्था कैसे दुरूस्त होगी।

जयपुर/सवाईमाधोपुर 2 सितम्बर (का.सं.)। सवाईमाधापुर में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान हुई जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक बार फिर गहलोत सरकार को गृहलूट सरकार यानी घर को लूटने वाली सरकार बताया। लेकिन, उनका अधिक फोकस राष्ट्रीय राजनीति और विपक्षी दलों के गठबंधन की आलोचना पर रहा।

उन्होंने कहा कि, ये सभी सिर्फ अपने परिवारों को बचाने के लिए मिले हैं। ये मिल कर अपने परिवार को बचाना चाहते हैं, जबकि मोदी देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। नड्डा ने कहा कि, आम जनता जब त्राहिमाम हो जाए तो भाजपा के हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी हो जाती है कि, परिवर्तन के लिए काम करे इसलिए हम यात्रा निकाल रहे हैं।

नड्डा ने कहा, यहां की सरकार यहां के लोगों को लूट कर दिल्ली के लोगों का घर भरती है। इनकी इच्छा है भ्रष्टाचार करो, भ्रष्टाचारियों को पनाह दो और यह पैसा दिल्ली में बैठे लोगों को भेजो। गहलोत सरकार का मतलब है लाल डायरी। सरकार के मंत्री ने लाल डायरी की बात की तो उसे बर्खास्त कर दिया। अब हमें ऐसी सरकार को ही बर्खास्त करना है।

उन्होंने प्रहार करते हुए कहा कि, जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र घर -घर नल लगवा रहे हैं और गहलोत जी जलजीवन मिशन में घोटाला कर रहे हैं। ई.डी.ने योजना से जुड़े अधिकारियों व ठेकेदारों से भारी नकदी जब्त की है। राजस्थान की छवि बदलनी है तो सरकार बदलनी है।

शनिवार को भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का आगाज रणथम्भौर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर में पूजा अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद दशहरा मैदान में आयोजित जनसभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने परिवर्तन संकल्प यात्रा के "स्टिकर" का विमोचन किया। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया और परिवर्तन संकल्प यात्रा के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

राजस्थान के इस हिस्से में भाजपा के लिए इस बार पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजैक्ट ई.आर.सी.पी. एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है और परिवर्तन यात्रा की पहली सभा में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मुद्दे पर ना सिर्फ लम्बी बात की, बल्कि गहलोत सरकार पर इस मामले में राजनीति करने का आरोप लगाया। हालांकि, राजे के अलावा अन्य किसी भी नेता ने इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा। कांग्रेस ने पूर्वी राजस्थान में इस परियोजना को बड़ा मुद्दा बना रखा है और पिछले दिनों केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और खुद जलशक्ति मंत्री

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)




# नड्डा की वरिष्ठों को हिदायत

- भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए वरिष्ठ नेताओं को हिदायत दी है कि, वे किसी प्रत्याशी की सिफारिश न करें।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी नेताओं से कहा है कि वे मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिये किन्ही खास प्रत्याशियों के नामों की सिफारिश नहीं करें। वे सीटों के लिये उचित प्रत्याशी को लेकर अपने विचार निश्चित रूप से व्यक्त कर सकते हैं।

पार्टी विभिन्न माध्यमों द्वारा कराये गये सर्वेक्षणों तथा संगठन रिपोर्ट के आधार पर राज्य में उम्मीदवार तय करेगी। भाजपा अब तक 39 सीटों के लिये प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि चुनावाधीन राज्यों में यात्राओं के आयोजनों के कारण उम्मीदवारों के बारे में निर्णय लेने की प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है। यात्राएं इस माह के अन्त से पहले ही

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# आज़ाद व अधीर रंजन "एक राष्ट्र एक चुनाव" कमेटी में शामिल

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित कमेटी में सात अन्य सदस्य हैं

- कमेटी के सात सदस्य हैं, गृह मंत्री अमित शाह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अधीर रंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद, एन.के. सिंह, लोकसभा के सैक्रेटरी जनरल सुभाष सी. कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे एवं पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी।
- कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित के रूप में बैठकों में शामिल होंगे तथा विधि मामलात सचिव नितेन चन्द्रा पैनल के सचिव होंगे।
- कमेटी, संविधान, जन प्रतिनिधित्व कानून व अन्य नियम कायदों में ऐसे संशोधनों का सुझाव देगी, जो एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक होंगे।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। विधि मंत्रालय ने शनिवार को "एक राष्ट्र, एक चुनाव" कमेटी को लेकर एक अधिसूचना जारी की। कमेटी के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अलावा, इसके सात अन्य सदस्य इस प्रकार हैं-गृहमंत्री अमित शाह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद, एन.के. सिंह, सुभाष सी. कश्यप, हरीश साल्वे तथा संजय कोठारी।

इस पैनल, जो अपना काम तत्काल शुरू कर देगा तथा जल्दी से जल्दी अपनी सिफारिशें देगा, में सदस्य के रूप में पूर्व लोकसभा सैक्रेटरी जनरल, सुभाष सी. कश्यप, वरिष्ठ एडवोकेट हरीश साल्वे तथा पूर्व चीफ विजीलैंस कमिश्नर संजय कोठारी शामिल हैं।

विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी की मीटिंगों में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि विधिक मामलों के सचिव नितेन चन्द्र इस पैनल के सचिव होंगे।

यह कमेटी एक साथ चुनाव कराने के प्रयोजन के लिये संविधान, रिप्रजेंटेशन ऑफ द पीपुल एक्ट तथा अन्य कानूनों और नियमों, जिनमें संशोधन किया जाना जरूरी होगा, की तह में जायेगी तथा इनमें विशिष्ट संशोधनों की सिफारिश करेगी।

यह कमेटी इस बात का भी निरीक्षण-परीक्षण करेगी कि, क्या संबंधित संविधान संशोधनों की अभिपुष्टि (रैटिफिकेशन) राज्यों से कराया जाना जरूरी है। कमेटी एक साथ चुनाव होने की स्थिति में विभिन्न

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'राफेल्स होटल रिसॉर्ट में 1.27 करोड़ रू. नकद मिले'

- ई.डी. ने राफेल्स होटल रिसॉर्ट पर 28 अगस्त को की गई रेड के बारे में खुलासा करते हुए बताया।

उदयपुर, 2 सितम्बर (कासं)। नई दिल्ली से आयी एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) की टीमों ने गत 28 अगस्त को वर्धा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के राफेल्स होटल रिसोर्ट, ट्राइटन होटल रिसोर्ट पर की गई रेड के बारे में कई खुलासे किए हैं।

ई.डी. द्वारा दी गयी अधिकृत जानकारी के अनुसार इस ग्रुप और इसके डायरेक्टर्स पर फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी है। कार्रवाई में ई.डी. ने खुलासा किया है कि ग्रुप और इसके डायरेक्टर्स द्वारा होटल के डवलमेंट के लिए बड़े स्तर पर विदेशी निवेश लिया गया है, यह निवेश ग्रुप ने मॉरिशस की शिवनार होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जरिए लिया

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# ई.डी. के रडार पर महेश जोशी के करीबी कई ब्यूरोक्रैट्स व राजनेता

## दो दिन की कार्यवाही में ई.डी. ने कई अहम दस्तावेज जुटाए

- अधिकारियों को सर्च के दौरान ढाई करोड़ रूपए कैश और सोने की ईंट के साथ प्रॉपर्टी कारोबारी संजय बड़ाया और कल्याण सिंह कव्या के घर से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं।
- इसके बाद कहा जा रहा है कि, सीनियर आई.ए.एस. अधिकारी सुबोध अग्रवाल से भी पूछताछ की जा सकती है।
- जिन ठेकेदार, प्रॉपर्टी कारोबारी, लाइज़नर और जलदाय विभाग के अधिकारियों से पूछताछ की गई है, उससे ई.डी. ने अंदाजा लगाया है कि, इस बड़े फर्जीवाड़े में बड़े अधिकारियों की मंजूरी के बिना कुछ नहीं हुआ होगा।

जयपुर, 2 सितम्बर (का.प्र.)। जल जीवन मिशन में हुए करोड़ों के फर्जीवाड़े को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) की टीमें दो दिन से जयपुर में डेरा जमाए हुए हैं। अलग-अलग राज्यों से ई.डी. की 7 टीमें शुक्रवार देर रात जयपुर पहुंचीं। अब तक ईडी के अधिकारियों को सर्च के दौरान ढाई करोड़ रुपए कैश और सोने की ईंट के साथ प्रॉपर्टी कारोबारी संजय बड़ाया और कल्याण सिंह कव्या के घर से कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। यह भी कहा जा रहा है कि, सीनियर आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल से भी पूछताछ की जा सकती है।

बताया जा रहा है कि, दिल्ली से अनुमति मिलने के बाद ई.डी. की टीमें अधिकारी के घर और ऑफिस में जांच कर सकती है। अब तक ई.डी. ने जिन ठेकेदार, प्रॉपर्टी कारोबारी, लाइज़नर और जलदाय विभाग के अधिकारियों से पूछताछ की है, उससे अंदाज़ा लगाया जा रहा है कि, इस बड़े फर्जीवाड़े में बड़े अधिकारियों की मंजूरी के बिना कुछ नहीं हुआ होगा।

जानकारी के अनुसार, प्रॉपर्टी कारोबारी कल्याण सिंह कव्या के साथ अधिकारियों के संबंधों को लेकर ई.डी. को कई इनपुट मिले हैं। साथ ही कुछ जमीनों और फार्म हाउस की जानकारी मिली है। कल्याण सिंह ने इसकी जानकारी ई.डी. को दी है, क्योंकि जांच में सामने आया है कि, प्रॉपर्टी कारोबारी कल्याण सिंह मंत्री, विधायक, आई.ए.एस. व आई.पी.एस. अधिकारियों का पैसा जमीनों में लगाता है। कहा जा रहा है कि, वैशाली नगर, करणी पैलेस रोड, गांधी पथ सहित कई इलाकों में प्रॉपर्टी का व्यापार करने वाले कल्याण सिंह कव्या के घर से ई.डी. को कई जमीनों के दस्तावेज मिले हैं, जो ब्यूरोक्रेट्स और राजनेताओं के हैं। इस आधार पर पुलिस व ई.डी. इन अधिकारियों और नेताओं से जमीनों में लगाए पैसों को लेकर पूछताछ करेगी। ज्ञातव्य है कि, संजय बड़ाया को चार दिन पहले ही विदेश दौरे से जयपुर लौटने पर जानकारी मिली थी कि ई.डी. राजस्थान में कभी भी जल जीवन मिशन को लेकर एक्शन कर सकती है। इस पर संजय ने दो दिन पहले ही अपना आईफोन बदलकर उसकी जगह दूसरा मोबाइल 31 तारीख को ही लिया था। ईडी को बड़ाया के घर से नकदी तो नहीं मिली, लेकिन जो दस्तावेज मिले वो ई.डी. की जांच आगे बढ़ाने के लिए महत्त्वपूर्ण माने जा रहे हैं। दस्तावेजों में, कई अधिकारी, राजनेताओं को पैसा देने और लेने के सबूत बताए जा रहे है। कुछ रजिस्ट्री के दस्तावेज भी बड़ाया के घर से ई.डी. को मिले हैं।

बताया जा रहा है कि, रिटायर आई.ए.एस. अधिकारी अमिताभ कौशिक के घर ई.डी. को डेढ़ करोड़ रुपए नकद, एक किलो गोल्ड और निवेश के कई दस्तावेज मिले। अमिताभ कौशिक के साथ ई.डी. वन टू वन कर रही है। कौशिक की संपत्ति का ब्योरा भी निकाला जाएगा। जरूरत पड़ने पर ई.डी. कौशिक से मुख्यालय बुलाकर भी पूछताछ कर सकती है। कहा जा रहा है कि, उन्हें जल्द नोटिस दिया जा सकता है। कौशिक से होने वाली पूछताछ के लिए ई.डी. कौशिक को रिमांड पर भी ले सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# हाई कोर्ट का सी.एम. गहलोत को नोटिस

- राजस्थान हाई कोर्ट ने गहलोत की अदालतों में भ्रष्टाचार संबंधी बयानबाजी के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए गहलोत को आदेश दिया कि, वे 3 अक्टूबर तक जवाब दें कि, उन्होंने किस आधार पर बयानबाजी की।

जयपुर, 2 सितंबर (का.सं.)। राजस्थान हाइकोर्ट ने न्यायपालिका पर बयानबाजी को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से तीन अक्टूबर तक जवाब तलब किया है। अदालत ने सीएम गहलोत से पूछा है कि उन्होंने क्यों और किस आधार पर यह बयान दिया है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)





जयपुर में झालाना बायपास पर पानी का लाइन का काम के चल रहा है। इसके चलते ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया जिससे वहां काफी लम्बा जाम लग गया और जाम में फंसे लोग परेशान होते दिखे।

# संस्कृत विश्वविद्यालय में 18 नि:शुल्क पाठ्यक्रम शुरू

**जयपुर**, (का.सं.)। जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय ने संस्कृत को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए अनोखी पहल की है। वैश्विक संस्कृत सेवा के नाम से शुरू की गई योजना में विभिन्न संस्कृत पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन-पत्र मांगे गए हैं।

खास बात यह है कि इन पाठ्यक्रमों को पूरी तरह नि:शुल्क रखा गया है। कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने बताया कि इस योजना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा 18 पाठ्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ज्योतिष, वास्तु शास्त्र, हस्तरेखा शास्त्र, पौरोहित्य एवं कर्मकांड, मंदिर प्रबंधन, वेद एवं उपनिषद, धर्मशास्त्र, षोडश संस्कार, रामायण, संस्कृत संभाषण, संस्कृत व्याकरण, भारतीय दर्शन, अध्यात्म व नीतिशास्त्र, श्रीमद्भगवद्गीता, योग, संस्कृत साहित्य व वाङ्मय और शास्त्रीय संगीत के पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

दुबे ने बताया कि शिशु-संस्कृत पाठ्यक्रम केवल 4 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए चला जाएगा। विश्वविद्यालय प्रवक्ता शास्त्री कोसलेन्द्रदास ने बताया कि संस्कृत के प्रति आम लोगों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इसी कारण इन पाठ्यक्रमों के लिए एक सप्ताह में ही देश-विदेश से दो हजार से अधिक लोग आवेदन कर चुके हैं।

# ब्राह्मण महासंगम आज, प्रदेशभर से आये ब्राह्मण समाज के लाखो लोग दिखाएंगे ताकत

■ संत-महंत, राजनेता एवं बॉलीवुड के लोगे होंगे शामिल

**जयपुर**, (का.सं.)। ब्राह्मण समाज का कल 3 सितम्बर को रामनिवास बाग में आयोजित हो रहे ब्राह्मण महासंगम की तैयारियां पूरी हो गई। आज आयोजन समिति पूरी तैयारियों का मुआयना किया। ब्राह्मण महासंगम की शुरुआत सुबह 8 बजे सीटी पेलेस के पास चांदनी चौक में मंगल कलश यात्रा से होगी। जिसमें 11000 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होकर एक अदभूत नजारा देखने को मिलेगा। यह कलश यात्रा प्रात: 10 बजे सभा स्थल पहुंच जायेगी। समारोह का प्रारम्भ भगवान परशुराम जी समक्ष दीप प्रज्जवलन और शंदनाद से होगा। उसके पश्चात समाज के विभिन्न राजनैता, एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी समारोह को संबोधित करेगें।

सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि सामाजिक संचेतना पैदा करने और अपने हको के लिए संगठन शक्ति दिखाना, इस महासंगम का मुख्य उद्देश्य है। ब्राह्मण सभी जाति समाज को साथ लेकर चलता है। लेकिन अब उसे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी पड़ रही है।

इस समारोह में केंद्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्री, पूर्व मंत्री, विधायक, जिला प्रमुख, पार्षद जनप्रतिनिधि पूरे प्रदेश से आ रहे हैं। जिसमें प्रमुख रूप से केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद हरिद्वार रमेश पोखरियाल निशंक, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा,जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी, शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, प्रदेशाध्यक्ष भाजपा डॉ. सी.पी. जोशी, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. रघु शर्मा, विधायक चौमू रामलाल शर्मा, विधायक जोधपुर सूर्यकांता व्यास, विधायक मसूदा राकेश पारीक, विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, फिल्म निर्माता निदेशक पद्मश्री मधुर भंडारकर, फिल्म गदर निर्माता निदेशक अनिल शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला आयोग ममता शर्मा, विधायक अभिनेष महर्षि, पूर्व चेयरमैन कर्मचारी चयन आयोग हरिप्रसाद शर्मा, विधायक प्रत्याशी आमेर प्रशांत शर्मा, चैयरमेन समाज कल्याण बोर्ड अर्चना शर्मा, खादी ग्रामोद्योग के चेयरमैन बृजकिशोर शर्मा, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष सुमन शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठन उपस्थित रहेगें।

इस महासंगम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक आधार पर 14 प्रतिशत आरक्षण हो, भगवान परशुराम विश्वविद्यालय की स्थापना हो, भगवान परशुराम जी की 111 फीट प्रतिमा की स्थापना की जाए, प्रत्येक जिले में गुरुकुल की स्थापना कर वैदिक संस्कृति को बढ़ाया जाये, ईडब्ल्यूएस आरक्षण में हो रही विसंगतियों को दूर किया जाये, ब्राह्मण आरक्षण आंदोलन के समय लगाये गये मुकदमे वापिस लिए जाये, पुजारी प्रोटेक्शन बिल पारित हो, ब्राह्मण बालिकाओं के लिए छात्रावास की स्थापना हर जिले में हो, ब्राह्मणों को प्रमुख दल कम से कम 35 टिकट विधानसभा में और लोकसभा में कम से कम 5 टिकट दिए जाये, आर्थिक आधार पर पंचायत चुनाव में राजनीतिक आरक्षण हो, किसी भी जाति के लिए अपमानजनक शब्दों पर पाबंदी हो, ईडब्ल्यूएस आरक्षण में आय सीमा 8 लाख की जगह 12 लाख की जाए, साथ ही केंद्र मे भी आय को पैमाना माना जाए,जैसे अनेक प्रस्ताव इस महासंगम में पास किये जायेगे।

## फिल्म 'मेरी लाजो सरपंच' की स्क्रीनिंग आज

**जयपुर**, (का.सं.)। नारी सशक्तिकरण और शिक्षा जैसे मुद्दें पर रौशनी डालती फिल्म मेरी लाजो सरपंच समाज में महिलाओं के स्तर को आइना दिखाती है। जयपुर में बनी ये फीचर फिल्म दृश सिने प्रोडक्शन द्वारा बनाई गई है। राजस्थान पर आधारित इस फिल्म की भव्य स्क्रीनिंग का रविवार को एमआई रोड स्थित जेम सिनेमा में आयोजन किया जाएगा। इस दौरान फिल्म की मुख्य किरदार और चर्चित टेलीविज़न व फिल्म अदाकारा कृतिका देसाई जयपुर में मौजूद होंगी। इस दौरान फिल्म स्क्रीनिंग में भव्यता जोड़ते हुए शहर के कई लोग फिल्म का आनंद उठाएंगी।

# जिंदा बम प्रकरण : आरोपियों और एटीएस की अर्जी पर भी बहस पूरी

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत ने शहर में वर्ष 2008 में हुए सीरियल बम ब्लास्ट के दौरान जिंदा मिले बम से जुड़े मामले में पूर्व एडीजी अरविन्द कुमार जैन और मीडियाकर्मी प्रशांत टंडन को बतौर गवाह बुलाने और पूरक आरोप पत्र को रिकॉर्ड पर लेने के संबंध में एटीएस की ओर से पेश प्रार्थना पत्र पर बहस पूरी हो गई है। वहीं आरोपी सैफुर्रहमान व अन्य की ओर से जिंदा बम मामले को बम ब्लास्ट मामले के समान मानते हुए आरोपियों को बरी करने वाली अर्जी पर भी बहस पूरी हो गई है। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद इन अर्जियों पर 11 सितंबर को फैसला देना तय किया है।

प्रार्थना पत्र में आरोपियों की ओर से कहा गया कि जिंदा बम व जयपुर ब्लास्ट केस में ज्यादातर गवाह व दस्तावेज समान हैं। जयपुर बम ब्लास्ट के मामलों में आरोपी हाईकोर्ट से दोषमुक्त हो चुके हैं। ऐसे में समान तथ्यों के आधार पर केस में दुबारा ट्रायल नहीं हो सकती। इसलिए आरोपियों को जिंदा बम मामले में भी दोषमुक्त किया जाए। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जिंदा बम का मामला बम ब्लास्ट से अलग मामला है। इसकी जगह भी अलग है और इसे प्लांट करने वाले भी अलग हो सकते हैं। इसकी एफएसएल रिपोर्ट भी अलग ही आएगी और इस मामले में अलग से धारा 307 जोड़ी गई है। ऐसे में जिंदा बम का मामला जयपुर बम ब्लास्ट के अपराध के समान मामले की श्रेणी में नहीं आता है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने 11 सितंबर तक अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। गौरतलब है कि 13 मई, 2008 को शहर की चारदीवारी में अलग-अलग स्थानों पर बम ब्लास्ट हुए थे। वहीं एक जगह जिंदा बम मिला था।

# प्रदेश की महिलाएं इस कौरवरूपी निरंकुश शासन से परेशान हो चुकी हैं : डॉ.किरोड़ी

■ कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि ''लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ'' का नारा देने वाले नेता राजस्थान क्यों नहीं आते : दीया कुमारी


**जयपुर**। प्रतापगढ़ की घटना को लेकर भाजपा नेताओं ने जबानी हमला बोला हैं। इस दौरान डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि आदिवासी बेटी के मान-सम्मान के लिए मैं सवाई माधोपुर से प्रतापगढ़ जिले के धरियावद तहसील के पहाड़ा ग्राम पंचायत के लिए रवाना हो गया हूँ। राजस्थान में दलितों, महिलाओं, आदिवासियों पर उत्पीड़न चरम पर, जब आदिवासी महिला के साथ इतना अमानवीय व्यवहार होता है, धिक्कार है ऐसी सरकार को जो महिलाओं की सुरक्षा में पूरी तरह विफल है। प्रदेश की महिलाएं इस कौरवरूपी निरंकुश शासन से परेशान हो चुकी है।

राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने प्रतापगढ़ जिले के धरियावद में पीड़िता से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में दीया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में जिस तरह से महिला अत्याचार बढ़े हैं, यह कांग्रेस सरकार का फेलियर है। दीया कुमारी ने कहा कि यह शायद पहला मौका है जब मुख्यमंत्री स्वयं पीड़िता से मिलने पंहुचे हैं। अलवर में गैंगरेप पीड़िता से मिलने के लिए मुख्यमंत्री तभी गये थे जब राहुल गांधी आये थे। दीया कुमारी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ का नारा देने वाले नेता राजस्थान क्यों नही आते।

## भवानी सिंह दे रहे हैं पीड़ितों को सहारा

**जयपुर**। जयपुर जिले की झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सिरसी गांव में कमल कुलदीप नाम के युवक की उसके घर में ही किसी ने हत्या कर दी। उसके बाद वहां पर झोटवाड़ा विधान सभा सीट से भाजपा नेता भवानी सिंह रुंडल पहुंचे। उन्होंने वहां पर लोगों के साथ संवेदना व्यक्त की। इतना ही नहीं उन्होंने वहां पर धरने पर बैठे पीड़ित परिजनों का साथ भी दिया।

# चांदपोल के श्रीराम चंद्रजी मंदिर में सजा खाटूवाले का दरबार



**चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन मंदिर श्री रामचन्द्र जी में श्री राधे राधे सेवा परिवार का वार्षिकोत्सव में धूमधाम से मनाया गया। कोलकाता के कारीगरों द्वारा सजाए गए अलौकिक दरबार में श्याम प्रभु का फूलों से अद्भुत श्रृंगार किया गया। छप्पन भोग की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।**

**जयपुर**, (का.सं.)। श्री राधे राधे सेवा परिवार का 16वां वार्षिकोत्सव शनिवार को चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन मंदिर श्री रामचन्द्र जी धूमधाम से मनाया गया। कोलकाता के कारीगरों द्वारा सजाए गए अलौकिक दरबार में श्याम प्रभु का फूलों से अद्भुत श्रृंगार किया गया। छप्पन भोग की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। सफेद कुर्ता-पायजामा में मंडल के सदस्य आयोजन को भव्यता और गरिमा प्रदान कर रहे थे।

कार्यक्रम का श्रीगणेश कलिकाल वंदित खाटू नरेश प्रभु श्री श्याम की संगीतमय महाआरती से हुई। अध्यक्ष प्रतीक गोयल, महामंत्री चेतन अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्याम गोयल, अभिषेक अग्रवाल एवं अन्य ने भक्तिभाव से खाटूनरेश की आरती उतारी। इसके बाद अभिषेक खंडेलवाल ने आओ-आओ जी गजानंद...गणेश वंदना से भजन रसगंगा की औपचारिक शुरुआत की। राहुल खंडेलवाल ने हनुमान वंदना और नरेंद्र राणा में मां जगदंबा की वंदना की। मामराज अग्रवाल ने गुरु वंदना से भक्तिमय माहौल को शिखर पर पहुंचाया। अभिषेक नामा ने हारे के सहारे आजा... से भजन गंगा के प्रवाह को ऐसी गति दी कि उपस्थित श्रोता श्याममय हो गए। महेश परमार ने मन की बातां सांवरिया ने भजन सुनाकर भक्ति में गोते लगवाए।


## शोक समाचार



हमारी पूजनीय माताजी
**श्रीमती माणक देवी**
पत्नी स्व. श्री टीकमचन्द जी खारेड का स्वर्गवास दिनांक 02.09.2023 को हो गया है। अंतिम यात्रा दिनांक 03.9.2023 को सुबह 10:00 बजे निवास से आदर्श नगर शमशान रवाना होगी।

**शोकाकुल**- अशोक- संगीता (पुत्र-पुत्रवधू), नवीन, घनेन्द्र, पंकज (भतीजे), भरत, चिराग, चेतन (पौत्र), सरोज-आजादजी बैद, सुनीता- विजेन्द्रजी महमवाल, अनीता- सुनीलजी सिंघवी, बबीता- पारसजी गोलेछा (पुत्री- दामाद), श्रेयांश, प्रतीक (दोहिते) एवं समस्त खारेड परिवार। पीहरपक्षः कमलचन्द जी, आशीष जी ढोर परिवार।

मो.- 8890719116



नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# नन्हें राधा-कृष्ण अपनी अठखेलियों से जीतेंगे दर्शकों का दिल

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर के नन्हें राधा कृष्ण की तलाश जोर-शोर से चालू हो चुकी है। हर साल की तरह इस साल भी जन्माष्टमी के पावन पर्व 6 सितम्बर की शाम को बिड़ला सभागार में बाल-गोपाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी सन्दर्भ में शनिवार को जेएलएन मार्ग स्थित आरएएस क्लब में स्टूडियो बिग बॉस की ओर से पोस्टर का विमोचन किया और कार्यक्रम की तैयारियां भी साझा की गई।

शो से जुड़ी जानकारी देते हुए स्टूडियो बिग बॉस के डायरेक्टर अशोक राज सिंह ने बताया कि भगवान कृष्ण के जन्म पर शहर के सबसे बड़े उत्सव को हम सालों से एक अलग अंदाज़ में मनाते आए है। जहां नन्हें राधा कृष्ण बांसुरी, मोरपंखी, मुकुट, कमरबंध, पायल, धोती और लहंगे जैसे श्रृंगार में सजे दिखेंगे।

कार्यक्रम के रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके है जिसमें अब तक सिर्फ जयपुर ही नहीं सवाई माधोपुर, चाकसू, सीकर, अलवर, अजमेर से भी परिजन अपने बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवा चुके है साथ ही रेगिस्ट्रशन अभी भी जारी है। कांटेस्ट के लिए बच्चों को 6 ग्रुप्स में बांटा गया है जिसमें नवजात से लेकर 7 साल तक के बच्चें प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम की शुरुआत अट्रेक्शन डांस ग्रुप की राधा कृष्ण लीला से प्रेरित मनमोहक डांस प्रस्तुति से होगा। जिसके बाद छोटे बच्चें अपनी माओं की गोद में रैंप पर अठखेलियां करेंगे। वहीं बड़े बच्चें अपने माता-पिता की उंगली थाम रैंप पर वॉक कर दर्शकों का दिल जीतेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को सहभागिता के लिए मोमेंटो भेंट स्वरुप दिए जाएंगे। साथ ही हर ग्रुप से दो राधा और कृष्ण अपनी साज सज्जा और तैयारी के तर्ज़ पर विजेता के तौर पर जीतेंगे।

# मूर्तिकला मुद्राओं से छलकाया ओडिसी नृत्य का लालित्य

**जयपुर**, (का.सं.)। आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के मानसरोवर स्थित आईआईआईएम ऑडिटोरियम में शनिवार को प्रात: नृत्यांगना कविता द्विबेदी ने आंगिक भंगिमाओं व मुद्राओं से ओडिसी नृत्य का नयनाभिराम प्रदर्शन किया।

स्पिक मैके जयपुर चैप्टर के सहयोग से सजे इस कार्यक्रम में नृत्य संरचनाकार कविता ने सुर,लय और ताल की उम्दा बानगी दर्शाते हुए ओडिसी के तकनीक पक्ष और मूर्तिकला मुद्राओं का लालित्यपूर्ण प्रदर्शन कर मौजूद स्टूडेंट्स को आह्लादित कर दिया। इस मौके पर इस नृत्यांगना ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से की। इसमें उन्होंने सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी।

इसके बाद भावपक्ष से सराबोर नृत्य में उन्होंने यशोधा मैया का कान्हा को सुलाने की कोशिश को अपने आंगिक भंगिमाओं व नृत्याभिनय के बेहतरीन संयोजन से वात्सल्य रस छलकाया। साथ ही कृष्ण लीला का सुन्दर चित्रण दर्शाया। इस कलाकार ने ओडिसी नृत्य प्रदर्शन में 5 अध्यायों देव प्रणाम, गुरु प्रणाम और सभा प्रणाम से रूबरू कराया। मरदल पर मानस सारंगी, गायन पर प्रशांत कुमार बेहरा और सितार पर यार मोहम्मद ने संगत की।



**पर्यटकों के लिए तैयारी : पर्यटकों को पर्यटन स्थलों पर घुमाने व उनको शाही सुविधाएं देने के लिये ढेहर के बालाजी रेलवे स्टेशन पर पैलेस ऑन व्हील ट्रेन की साज सज्जा व शाही लुक में तैयार करने का कार्य ज़ोर-शोर से जारी है।** फोटो : दिनेश भारद्वाज


## खोया पाया

मेरे प्लाट नम्बर ए-34, जय जवान गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर की योजना-स्कीम नम्बर-1, जय जवान कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर के समिति द्वारा जारी किए गए मूल पट्टा, रसीदे, साईट प्लान आदि कागजात दिनांक 21.08.2023 को मेरे निवास स्थान से सांगानेर के बीच में खो गये है। जिस किसी को मिले तुरन्त सम्पर्क करें- चन्द्रधर शर्मा, एस-32, अरविन्द मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर, मो.-7742423367

# पंजाब नेशनल बैंक में सुरंग बनाकर सेंध लगाने का प्रयास

## बैंक के स्ट्रांग रूम की दीवार में सेंध लगाने के इरादे से सुरंग बनाई गई थी

**अजमेर, (कासं)।** गंज थाना क्षेत्र के फॉयसागर रोड पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पीछे से चोरों ने सुरंग बनाकर बैंक में सेंध लगाकार चोरी का प्रयास करने का मामला शनिवार को सामने आया है। समय रहते पता चलने पर बैंक प्रबंधन ने सुरंग को पुलिस को बिना सूचना दिए भरवा दिया। पुलिस ने अनुसार घटना करीब 30 अगस्त की बताई जा रही है। शनिवार को गंज थाना पुलिस और विधायक वासुदेव देवनानी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। बैंक प्रबंधक की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फॉयसागर रोड स्थित पीएनबी शाखा के बगल में खाली प्लॉट से चोर कर गिरोह ने जमीन से सुरंग बना दी। बैंक के स्ट्रांग रूम की दीवार में सेंध लगाने के इरादे से सुरंग बनाई गई, लेकिन जाग होने से सुरंग खाली छोड़ भागे। घटना की इतना मिलते ही बैंक प्रबंधन में हलचल मच गई। बैंक अधिकारियों ने सुरंग को भरने के बाद दीवार में लगाई गई सेंध को आनन-फानन में मरम्मत कर दी गई।



विधायक वासुदेव देवनानी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।

- बैंक अधिकारियों ने सुरंग को किया बंद, पुलिस ने किया मौका मुआयना
- बैंक प्रबंधन ने पुलिस को दी सूचना, मामला दर्ज कराया, सीसीटीवी खंगाले

गंज थाना प्रभारी भीखाराम काला ने बताया कि शुक्रवार देर रात बैंक प्रबंधन की ओर से शिकायत दी गई। शनिवार सुबह घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया है। बैंक प्रतिनिधियों के द्वारा दीवार की मरम्मत कर दी गई है। घटना 30 तारीख की बताई जा रही है, मामले में सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

वहीं अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी ने भी शनिवार को घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। विधायक देवनानी ने गंज थाना पुलिस से घटना की जानकारी ली गई। मीडिया से बातचीत में देवनानी ने कहा कि बैंक मैनेजर ने बिना पुलिस को इन्फॉर्म किए सुरंग ठीक कर दी यह नियम विरुद्ध है और पुलिस को बाद में शिकायत दी गई। देवनानी ने कहा कि पुलिस की गश्त कम होने के कारण आए दिन चोरियां हो रही हैं, पुलिस प्रशासन इसे कठोरता से ले और गश्त बढ़ानी चाहिए जिससे कि आम जनता सुरक्षित रह सके।

# जंगल में अज्ञात युवक की सिर व हाथ कटी लाश मिली

## शव आठ से दस दिन पुराना, शव पर जानवरों के नोंचने के निशान मिले

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र स्थित पृथ्वीराज नगर के जंगल में शनिवार सुबह एक अज्ञात युवक की सिर व हाथ कटी लाश मिलने से क्षेत्रवासियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी मय जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

पुलिस के अनुसार लाश करीब आठ से दस दिन पुरानी बताई जा रही है, युवक का शव पूरी क्षत-विक्षत हो चुका है, शव को जानवरों द्वारा नौंचने के कारण युवक की पहचान करने में भी पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि थाना क्षेत्र में ही विगत दिनों माकडवाली रोड पर एक महिला का शव मिला था, जिसका पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। हालांकि, क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस मौत के कारणों और युवक की शिनाख्ती को लेकर जांच में जुटी है।

- एसपी व सीआई पहुंचे मौके पर, एफएसएल टीम ने साक्ष्य उठाए

पुलिस ने युवक के शव को जेएलएन अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया है।

जानकारी के अनुसार क्रिश्चियन गंज थाना के अंतर्गत पृथ्वीराज नगर पहाड़ी के पास शनिवार को सर व हाथ कटा क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी करण सिंह थाने के जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट भी पहुंचे और उन्होंने थाना अधिकारीसे जानकारी ली।

थाना प्रभारी करण सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे के करीब थाने पर शव मिलने की सूचना मिली थी। शव 8-10 दिन पुराना है। आसपास के क्षेत्रवासियों के अनुसार उसे भीख मांगते हुए पहले देखा गया है। थाना प्रभारी सिंह ने बताया कि शव का सिर और हाथ कटा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जेएलएन अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस शव के शिनाख्त करने के साथ ही मौत के कारणों को लेकर भी जांच में जुटी है।

थाना प्रभारी सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी आला अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर एफएसल और डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया है। टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास से साक्ष्य जुटाए हैं। उन्होंने बताया कि युवक की पहचान को लेकर आसपास के क्षेत्र में पूछताछ करने के साथ ही जिले के सभी थानों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# तालाब पर नहाने गए तीन चचेरे भाईयों की डूबने से मौत

## एक साथ उठी तीन बच्चों की अर्थियां, गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार हुआ

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकटवर्ती डांगियावास स्थित दांतीवाड़ा गांव में बरसाती पानी से बने गढ्ढे पर नहाने गए पांच बच्चों में से तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। पुलिस ने आज सुबह शवों का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द किया है।

घटना शुक्रवार शाम की है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने ही बच्चों को तालाब से बाहर निकाला। पुलिस के पहुंचने पर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत बता दिया। आज सुबह गांव से एक तीनों शवों की अर्थियां उठी और गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार हुआ। थानाधिकारी एवं प्रशिक्षु आईपीएस बी. आदित्य ने बताया कि दांतीवाड़ा गांव में संभवतः बरसाती पानी एकत्र हो रखा था। जो गढ्ढे या तालाब के रूप में था। शुक्रवार की शाम को पांच बच्चें जोकि रिश्तेदार ही है, वहां पर नहाने गए। दो बच्चे बाहर बैठे रहे और तीन बच्चों के कपड़ों की देखभाल कर रहे थे। मगर तीन बच्चे पानी में डूबने लगे तो बाहर बैठे बच्चों ने उन्हें बचाने का प्रयास भी किया। बाद में बच्चों ने गांव वालों को इसकी सूचना दी तब काफी लोग एकत्र हो गए। इधर पुलिस को सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची। तब ग्रामीणों द्वारा बच्चों को पानी से बाहर निकाला जा रहा था। बाद में उन्हें तत्काल मथुरादास माथुर अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने चेक कर मृत बता दिया। आईपीएस बी. आदित्य ने बताया कि मरने वाले तीनों बच्चें चचेरे भाई थे।

आईपीएस बी. आदित्य ने बताया कि बच्चों में 10 साल का मेहूल पुत्र राजूराम राव, दस साल का आईदानराम पुत्र भभूतराम भाट एवं 13 साल का सत्य नारायण पुत्र भभूतराम भाट की मृत्यु हो गई। परिजन की तरफ से तीन अलग अलग मर्ग की रिपोर्ट दी गई। आईपीएस बी. आदित्य ने बताया कि तीनों बच्चों का आज मथुरादास माथुर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजन को सुपुर्द किया गया।

# ट्रेलर ने युवक की जान ली

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती कस्बे बागावास अहिरान के पुलिया के सर्विस रोड पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक युवक की जान ले ली। घटना इतनी भयावह थी कि जिसने भी देखा वह सहम गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार ट्रेलर भाबरु कस्बे से सर्विस रोड होते हुए पावटा की ओर जा रहा था, इसी दौरान पावटा से भावरू कस्बे की ओर जा रहे बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे की बाइक सवार ध्रुव प्रताप सिंह (26) पुत्र वीरेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मौके पर पहुंचे बागावास अहिरान चौकी पुलिसकर्मी शंकरलाल स्वामी ने बताया कि मृतक युवक के शव को पावटा के सीएचसी में रखवा दिया है। इधर पुलिस ने क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को चौकी भिजवाया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने तेज रफ्तार ट्रेलर को सर्विस रोड पर लाडाकाबास के रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप पकड़ा जहां चालक मौका पाकर ट्रेलर छोड़कर फरार हो गया। इधर पुलिस मामले को लेकर अनुसंधान कर रही है।

# आठ लाख रुपये का डोडा-पोस्त छिलका सहित तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने 256.94 किग्रा. अवैध डोडा पोस्त सहित फॉर्चुनर गाड़ी भी जब्त की

**पावटा, (निसं)।** कोटपुतली-बहरोड जिले के भाबरु थाना क्षेत्र में शनिवार को पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 256.94 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसके साथ ही पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से तस्करी में काम में ली जाने वाली एक फॉर्चुनर को भी जब्त किया है।

मामले की जानकारी देते हुए जिला कोटपुतली बहरोड पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार जिला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करों, आदतन अपराधियों की धरपकड़ के लिए जिले भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एएसपी कोटपुतली विद्याप्रकाश के निर्देशन एवं विराटनगर वृत्ताधिकारी रोहित सांखला के सुपरविजन व भाबरु थाना प्रभारी मनोहर लाल के नेतृत्व में गठित टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।



भाबरु थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

भाबरु थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान नेशनल हाईवे 48 जयपुर से दिल्ली रोड भाबरु पुलिया के पास शनिवार को पुलिस द्वारा फर्जी नंबर प्लेट लगी फोर्चुनर गाडी में 17 कट्टों में 256 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका परिवहन करते हुए पाया जाने पर अवैध डोडा पोस्त छिलका को बरामद के एक मुल्जिम ओमप्रकाश पुत्र कृष्ण चंद उम्र 36 साल निवासी गुलहाड थाना सत राणा तहसील पतराण जिला पटियाला पंजाब को एनडीपीएस की धारा में गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया है। तस्करी में इस्तेमाल हो रही फोर्चुनर गाड़ी भी जब्त करने की कार्रवाई की है। फिलहाल पुलिस अब आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोद करने वालों लोगो की जानकारी जुटाने में लगी है।

# टक्कर मारने के मामले में तीन भाई गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकटवर्ती मथानिया स्थित नेवरा रोड पर बाइक सवार ससुर-दामाद पर स्कार्पियो सवार चार भाईयों ने मिलकर हमला किया था। उनकी बाइक को स्कार्पियो से टक्कर मार दी थी। इसमें दामाद की मौत हो गई जबकि ससुर घायल है। पुलिस ने मामले में तफ्तीश के बाद तीन सगे भाईयों को गिरफ्तार कर लिया। घायल हुआ व्यक्ति भी इनका सगा भाई है।

- बाइक को स्कार्पियो से टक्कर मार दी थी। इसमें दामाद की मौत हो गई जबकि ससुर घायल है

मथानिया थानाधिकारी हरिसिंह ने बताया कि देशनोक बीकानेर के रहने वाले मांगीलाल देशांतरी के छह पुत्र है। इनमें भंवरलाल, बुधाराम, कानाराम, भींयाराम, पप्पूराम, ताराचंद है। भंवरलाल की बेटी शादीसुदा है और उम्मेदनगर का कानाराम पुत्र पप्पूराम उसका जवाई है। बुधवार की सुबह ससुर भंवरलाल और उसका जवाई कानाराम बाइक लेकर उम्मेद नगर से ओसियां की तरफ जा रहे थे। तब स्कार्पियो में आए भंवरलाल के चार अन्य भाईयों कानाराम, पप्पूराम, ताराचंद एवं भींयाराम ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे भंवरलाल और उसका जवाई कानाराम पुत्र पप्पूराम बुरी तरह घायल हो गए। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां से जोधपुर रैफर किया गया। मगर कानाराम की मौत हो गई। जबकि उसका ससुर भंवरलाल का अस्पताल में उपचार जारी है।

थानाधिकारी हरिसिंह ने बताया कि सभी देशांतरी जाति के है और डाकोत का काम करते है। मूल रूप से बीकानेर देशनोक के है। इनके बीच एरिया में आने जाने की बात को लेकर विवाद होता आया है। पुलिस ने मामले में अब तीन भाईयों ऊंचला बास तापू ओसियां निवासी मांगीलाल के तीन पुत्र कानाराम, पप्पूराम एवं ताराचंद को हत्या प्रयास एवं हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

# वृद्ध की मौत

**बसई नवाब, (निसं)।** धौलपुर जिले के कौलारी थाना क्षेत्र में गांव पूंठपुरा के निकट सड़क किनारे 72 वर्षीय वृद्ध का शव मिला है। सुबह लोगों ने बुजुर्ग के शव को सड़क किनारे पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मानसिंह और बसई नवाब पुलिस चौकी प्रभारी राजवीर मीना तत्काल मौके पर पहुंचे। जिन्होंने घटना के बारे में लोगों से पूछताछ करते हुए वृद्ध के शव को बसई नवाब अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कर सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार 72 वर्षीय टीकाराम की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हुई है। साधु भेषधारी वृद्ध टीकाराम वर्षों से गांव के ही देवी माता मंदिर पर रहकर पूजा अर्चना करता था। कौलारी थाना प्रभारी मानसिंह ने जानकारी देते हुए बताया गया वृद्ध का शव मिलने पर मृतक के बेटा भूरी सिंह कुशवाह की ओर से पुलिस में घटना को लेकर दी गई तहरीर में बताया है कि उनका पिता टीकाराम मंदिर के पास ही खेतों पर रखवाली करने के लिए सोए हुए थे। जहां रात्रि को जागने पर वह गिरकर अचेत हो गए, जिससे उनकी मौत हो गई है।

# धमकी देकर रुपये मांगने वाला युवक गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** दुकानदार को धमका कर बीस हजार रुपए की मांग करने के आरोप में वजीरपुर थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाशचंद के निर्देशन में उपाधीक्षक बाबूलाल बिश्नोई के नेतृत्व में वजीरपुर थाना अधिकारी श्रवण पाठक की टीम ने कर्रवाई की।

थाना अधिकारी श्रवण पाठक ने बताया कि 30 अगस्त को परिवादी कैलाशचन्द पुत्र मांगीलाल महावर (37) निवासी वजीरपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति उसकी दुकान पर सामान लेने आया था और सामान उधार नहीं देने पर 27 अगस्त को फोन कर धमकी दी की 20 हजार रुपए दें और ये रुपए देने की मना किया तो 5 लाख रुपए देने पडेंगें, नहीं तो तुझे जान से मार दूंगा। थानाधिकारी ने बताया कि वजीरपुर थाने में इस मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिक की दर्ज की गई। मामले का

- पुलिस ने बदमाश के कब्जे से घटना में उपयोग में लिए गए मोबाइल फोन को भी जप्त कर लिया

पता चलने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम का गठन किया गया और थाना अधिकारी श्रवण पाठक के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी सहायता साइबर सेल की मदद से बदमाश को चिन्हित किया।

इसके बाद पुलिस ने वजीरपुर कस्बे से बदमाश प्रेम सिंह पुत्र प्रभाती लाल बेरवा निवासी बडोली का पूरा वजीरपुर को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही पुलिस ने बदमाश के कब्जे से घटना में उपयोग में लिए गए मोबाइल फोन को भी जप्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस की टीम में वजीरपुर थानाधिकारी श्रवण पाठक, सहायक उप निरीक्षक लालचन्द, कांस्टेबल नटवर सिहं, जितेन्द्र सिह आदि शामिल थे।

# महिला की मौत

**सैंपऊ, (निसं)।** सैंपऊ क्षेत्र में दुर्घटना में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान जयपुर के एसएमएस अस्पताल में शनिवार को मौत हो गई। सुनीता पत्नी रतिराम कुशवाह निवासी खपरेला शुक्रवार को अपने दामाद के साथ जिला अस्पताल धौलपुर से अपने रिश्तेदार को देखकर आ रही थी। इसी दौरान सालेपुर के निकट दामाद अचानक बाइक रोककर टॉयलेट के लिए रुका, तभी सड़क किनारे खड़ी महिला को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी।

# 600 लीटर अवैध पेट्रोल बरामद

**जोधपुर, (नि.सं.)।** शहर की डांगियावास पुलिस ने बावरला गांव में एक घर में रेड देकर वहां से 600 लीटर पेट्रोल जब्त किया है। पेट्रोल घर में अवैध रूप से स्टोरेज कर रखा गया था। पुलिस ने मकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया। मगर मुख्य आरोपी हाथ नहीं लगा। ईसीी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

एसीपी मंडोर पीयूष कविया ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि बावरला गांव निवासी श्रवण पुत्र भेपाराम विश्रोई के घर में अवैध रूप से भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ रखा हुआ है। इस पर पुलिस की टीम ने मय जाब्ते के वहां रेड दी। पुलिस ने घर से 3 ड्रमों में भरा 600 लीटर अवैध पेट्रोल बरामद कर लिया। श्रवण विश्रोई को ईसी एक्ट में गिरफ्तार किया गया। पेट्रोल लाने वाला मुख्य आरोपी हाथ नहीं लगा है। उसकी पहचान के साथ तलाश की जा रही है।

# महिला व दो बेटियों की फार्म पोण्ड में डूबने से मौत

**दूदू, (निसं)।** पुलिस थाना दूदू क्षेत्र के अधीन हरसोली गांव में रक्षाबंधन पर राखी बांधने आयी विविहिता सहित दो मासूम बेटियों की फार्म पोण्ड में डूब जाने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलराम जाट की पुत्री ममता राखी बांधने पीहर आयी थी। सुबह मां अपनी बेटियों के साथ शौच के लिए खेत पर गई थी। काफी देर तक घर वापस नहीं आयी तो घर से परिजन ढूंढूने निकल गये। खेत में बने पोण्ड में मां ममता, बेटी बरखा, धोली का शव पड़ा मिला। गांव वालों ने पहुंचकर शवों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस थाना निरीक्षक इमरान मोहम्मद पहुंचे। शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

- हरसोली में राखी बांधने आयी थी

# 154 वें दिन भी धरना जारी

**सुजानगढ़, (निसं)।** सुजला जिला बनाने की मांग के समर्थन में सुजला महासत्याग्रह समिति के तत्वाधान में गांधी चौक में चल रहा धरना 154 वें दिन भी जारी रहा। शनिवार को श्रीराम भामा, रफीक गौरी, पवन पारीक, भंवरलाल गिलाण, इलियास खान, गोविन्द जोशी, ओमप्रकाश स्वामी, रामनिवास भारत, गोपाल मोयल, हाजी हाकम अली, मनोज रैगर, दीनदयाल, ओमप्रकाश, मोहित सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार के विरोध में ग्रामीणों की भूख हड़ताल जारी

**हिण्डौन सिटी, (कासं)।** पंचायत समिति हिण्डौन सिटी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ढिंढोरा में हुए विकास कार्यों में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों द्वारा गांव के मुख्य बाजार में शुरू की गई भूख हड़ताल शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान भूख हड़ताल पर बैठे कई ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उनका स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। ग्रामीणों ने रविवार को बाजार बंद रखकर आमरण अनशन की चेतावनी दी है। वहीं यदि सुनवाई नहीं की गई तो उन्होंने चक्का जाम करने की भी चेतावनी दी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विकास कार्यों में ढिंढोरा गांव के सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। जिसकी कई बार उच्च अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी ना तो कोई जांच हुई है और ना ही कार्यवाही की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत ढिंढोरा के सरपंच एवं सचिव द्वारा सभी विकास कार्य में अनियमितता एवं धांधली की गई है। जिसकी उन्होंने संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, उपखंड अधिकारी हिंडौन, विकास अधिकारी पंचायत समिति हिंडौन को कई बार लिखित में शिकायत कर दी, लेकिन अभी तक मामले में ना तो कोई जांच हुई और ना ही अन्य कोई कार्यवाही की गई है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। समस्या का समाधान नहीं होता देख ग्रामीण गुरुवार को गांव के मुख्य बाजार में भूख हड़ताल पर बैठ गए। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्य में हुए भ्रष्टाचार की जांच पारदर्शिता के साथ अन्य जिले के अधिकारी कर्मचारियों से करवाई जाए। जिससे सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वही सुनवाई नहीं होने पर आंदोलन को उठा करने की चेतावनी दी है।



ग्रामीणों द्वारा शुरू की गई भूख हड़ताल शनिवार को भी जारी रही।

# ट्रांसफार्मर ऊपर गिरने से बिजली कर्मचारी की मौत

**चिड़ावा, (निसं)।** चिड़ावा शहर के निकट परसादाराम की ढाणी फीडर पर कार्यरत कर्मचारी की ट्रांसफार्मर ऊपर गिरने से दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार लांबा गोठड़ा के पास ठाकरों की ढाणी में एक खेत में नया ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा था। ट्रांसफार्मर रखते समय ट्रांसफार्मर को उठाने वाली चेनपुली अचानक टूट गई। जब ये घटना हुई तो उस समय हरिसिंह ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग करवा रहा था। अचानक ट्रांसफार्मर हरि सिंह के सिर के ऊपर आ गिरा और उसका सिर फट गया। ऐसे में हरिसिंह का मौके पर ही निधन हो गया।

बिजली विभाग के एईएन कृष्ण कुमार डिठावाल ने बताया कि दुखद घटना देर रात को करीब साढ़े दस बजे हुई। हरिसिंह के शव को रात्रि में चिड़ावा मोर्चरी लाया गया। उसके शव का पोस्टमार्टम होगा। हरिसिंह ओजटू गांव का ही निवासी था। वह बहुत ही हंसमुख और मिलनसार था। गांव में भी लोगों से उसका बहुत अच्छा व्यवहार था। अचानक उसकी मौत से गांव में भी शोक की लहर है।

# अजमेर रैंज आईजी ने संत की हत्या के घटना स्थल का जायजा लिया

## आईजी ने बगीची में घटनास्थल सहित मंदिर परिसर व बगीची के आसपास 500 मीटर की परिधि का बारीकी से जायजा लिया

**मालपुरा, (निसं)।** धर्मनगरी डिग्गी मं भूरिया महादेव बगीची में मंगलवार की रात संत सियाराम बाबा की हुई निर्मम हत्या का मामला तूल पकड़ने व बीते दिन सांसद बाबा बालकनाथ द्वारा प्रशासन व राज्य सरकार को चेतावनी देने के बाद शनिवार को डिग्गी पहुंची अजमेर रैंज आईजी लता मनोज कुमार ने घटनास्थल का जायजा ले स्थानीय पुलिस अधिकारियों से मामले की जानकारी ली।

- सांसद बालकनाथ की चेतावनी के बाद हरकत में आया प्रशासन, 4 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

आईजी के भूरिया महादेव बगीची पहुंचने की मिली सूचना पर सियाराम बाबा से जुड़े उनके अनुयायी व ग्रामीण भी बगीची पहुंच गये। आईजी ने बगीची में घटनास्थल सहित मंदिर परिसर व बगीची के आसपास 500 मीटर की परिधि का बारीकी से जायजा लिया। जिला पुलिस अधिक्षक राजर्षि राज वर्मा, एएसपी पुष्पेन्द्र सिंह, डीवाईएसपी सुशील मान व थानाधिकारी अय्युब खान से चर्चा कर घटनाक्रम के बाद चार दिन की गई जांच की प्रगति रिपोर्ट जांचते हुए जिन पहलुओं पर जांच की दिशा बनाई गई है उन पर पहलुओं पर अब तक जुटाये गये साक्ष्यों के साथ-साथ मामले में शक के दायरे में आ रहे लोगों को लेकर फीडबैक लेते हुए अधिकारियों को संत की हत्या के मामले में त्वरित निष्पक्ष जांच कर जल्द मामले में लिप्त हमलावरों तथा बाबा की निर्मम हत्या किये जाने के कारणों का खुलासा कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने के निर्देश दिये।

पुलिस सूत्रों की माने तो मामले में तकरीबन दो दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया जिनसे की गई गहन पूछताछ के बाद तकरीबन आधा दर्जन से अधिक संदिग्धों को आज भी पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में रखा गया है। मंगलवार की रात्रि में भूरिया महादेव बगीची के आसपास सक्रिय मोबाईलों की लॉकेशन जांचने के लिए एक्सपर्ट टीम को लगाया गया है। संत समाज प्रदेश महासभा व बाबा बालकनाथ द्वारा सियाराम बाबा के हत्यारों की गिरफ्तारी के बाद ही बाबा की अस्थियां विर्सजन सहित अन्य कार्यक्रम किये जाने की दी गई चेतावनी के बाद पुलिस प्रशासन मामले की जांच में गंभीर नजर आ रहा है। आईजी ने 5 सितम्बर को डिग्गी पहुंच रहे उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ की एक दिवसीय यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से फीडबैक लेकर कल्याण जी मंदिर व जैन मंदिर के पास बन रहे तीनों हैलीपैड निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा अब तक की तैयारियों का फीडबैक लिया।

# मुख्यमंत्री की न्यायपालिका पर टिप्पणी नितांत निंदनीय, माफी मांगनी चाहिए : शेखावत

## केंद्रीय मंत्री गजेंन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस बात पर यू टर्न ले लिया और कहा कि यह उनकी निजी राय नहीं है

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आदरणीय और सम्मानीय नेता है। वे वरिष्ठ होने के साथ तीन बार प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारत सरकार में सांसद भी रह चुके हैं। उनके द्वारा न्यायपालिका पर की गई टिप्पणी ना सिर्फ नितांत निंदनीय है बल्कि न्यायपालिका और अधिवक्ताओं का खुला अपमान है। इसके लिए उन्हें हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंन्द्र सिंह शेखाावत आज जोधपुर प्रवास के समय पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

- शेखावत ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं कि आखिर यह राय किसकी है
- शेखावत ने खुद के चुनाव लड़ने की बात पर कहा कि संगठन चाहेगा वो करेंगे, संगठन यदि उन्हें लोकसभा के लिए खड़ा करेगा या विधानसभा के लिए वे कहे अनुसार चलेंगे

शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने इस बात पर यू टर्न ले लिया और कहा कि यह उनकी निजी राय नहीं है, मैं मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं कि आखिर यह राय किसकी है। जिस किसी की भी हो वे इसका सबूत देवें। अन्यथा हाथ जोड़कर माफी मांगे। शेखावत ने प्रदेश सरकार को कई मुद्दों पर घेरते हुए कहा कि इस सरकार का कोई भी ऐसा विभाग नहीं बचा है, जिसमें भ्रष्टाचार ना हुआ हो। माइनिंग से लेकर अन्नापूर्णा योजना तक में भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता को अन्नापूर्णा के नाम पर ठगा गया है और घटिया सामग्री दी गई है यह सब किसकी जिम्मेदारी है। ठेकेदार के खिलाफ क्राइम का केस बनता है जिसने जनता की जान के साथ खिलवाड़ किया है।

शेखावत ने पत्रकारों के सवालों पर कहा कि भाजपा की तरफ से निकाली जा रही परिवर्तन यात्रा में सभी नेता शामिल होंगे। वरिष्ठ नेता से लेकर स्थानीय स्तर के सभी नेता हिस्सा लेंगे। इसमें पार्टी की रणनीति के आधार पर सब होगा। उन्होंने खुद के चुनाव लड़ने की बात पर कहा कि संगठन चाहेगा वो करेंगे। संगठन यदि उन्हें लोकसभा के लिए खड़ा करेगा या विधानसभा के लिए वे कहे अनुसार चलेंगे। मगर उनका ध्येय भारत माता की जय रहेगा।

# कोटड़ी भट्टीकांड में 472 पेज की चार्जशीट पेश

## पुलिस ने 48 गवाह बनाये

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को गैंगरेप के बाद कोयला भट्टी में झोंक कर निर्मम हत्या को अंजाम देने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ शनिवार को कोटड़ी डिप्टी श्यामसुंदर विश्नोई ने कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी है।

- दो बाल अपचारियों के खिलाफ अलग से बाल न्यायालय में चार्जशीट पेश की जायेगी

जानकारी के अनुसार एक माह पहले कोटड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 साल की नाबालिग किशोरी घर से बकरियां चराने जंगल में गई जो लापता हो गई थी। सूचना पर आनन-फानन में तलाश में जुटी पुलिस को बच्ची के कड़े और चप्पल पास ही जंगल में एक कोयला की भट्टी के बाहर मिले थे। पुलिस ने अपनी शुरूआती जांच में बच्ची के साथ गैंगरेप की आशंका जताई। पुलिस ने जब संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ की तो चौंकाने वाली घटना सामने आई। इस नाबालिग के साथ दो बदमाशों ने गैंगरेप किया था।

इसके बाद अन्य नौ लोगों, जिनमें दो बाल अपचारी है, की मदद से शव को पहले कोयला भट्टी में झोंक दिया था। लेकिन जब शव पूरी तरह नहीं जला तो उसे निकाल कर एक फार्म पोंड में डाल दिया गया था। कोटड़ी भट्टी कांड की गूंज दिल्ली तक पहुंचने के बाद सरकार ने इस मामले में जल्द से जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और चार्जशीट पेश करने पर जोर दिया। पुलिस ने अथक प्रयास के बाद शुरुआत में चार, इसके बाद शेष लोगों सहित नौ लोगों की गिरफ्तारी कर 2 बाल अपचारियों को निरुद्ध किया। तफ्तीश के बाद उन्हें जेल और बाल सुधारगृह भिजवा दिया था। पुलिस ने एक माह में इस मामले की तफ्तीश पूर्ण कर ली। पुलिस का कहना है कि एक माह बाद आज पुलिस ने कोर्ट में 9 आरोपितों के खिलाफ 472 पेज की चार्जशीट पेश की। पुलिस ने इस मामले में 48 गवाह बनाये हैं। बता दें कि मामले में दो बाल अपचारी है, जिनके खिलाफ अलग से बाल न्यायालय में चार्जशीट पेश की जायेगी।

# मुख्यमंत्री गहलोत के जूडिशीएरी को लेकर दिए गए बयान से बवाल मचा

## बयान के खिलाफ जोधपुर में अधिवक्ताओं ने हड़ताल रखी, हाईकोर्ट व अधीनस्थ अदालतों में न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया

**जोधपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ज्यूडिशियरी को लेकर दिए गए बयान से बवाल मच गया है। पूरे प्रदेश में गहलोत के बयान से वकीलों में गुस्सा है। न्यायिक जगत से भी गहलोत के बयान को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जोधपुर में शनिवार को वकीलों ने इस बयान के खिलाफ हाईकोर्ट व अधीनस्थ अदालतों में न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। उन्होंने किसी भी न्यायिक कार्य में भाग नहीं लिया। यह हड़ताल राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन और राजस्थान हाईकोर्ट लायर्स एसोसिएशन के संयुक्त आव्हान पर की गई।

- यह हड़ताल राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन और राजस्थान हाईकोर्ट लायर्स एसोसिएशन के संयुक्त आव्हान पर की गई
- सीएम से मांग की गई है कि वह अपना बयान वापस ले और ज्यूडिशरी से माफी मांगे नहीं तो आंदोलन को और अधिक तेज किया जाएगा

राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत जोशी और लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि भंसाली ने बताया कि ज्यूडिशियरी और वकीलों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिए गए बयान के खिलाफ आज सभी अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट, लोअर कोर्ट सहित सभी अदालतों में न्यायिक कार्यों में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने बताया कि आज एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर सीएम से मांग की गई है कि वह अपना बयान वापस ले और ज्यूडिशरी से माफी मांगे नहीं तो आंदोलन को और अधिक तेज किया जाएगा। वकीलों का कहना है कि मुख्यमंत्री की ज्यूडिशियरी के प्रति ऐसे बयानबाजी को लेकर हम आहत हैं। इससे आमजन में यूडिशियरी के प्रति विश्वास कम होता है। मुख्यमंत्री अपनी सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने के लिए ज्यूडिशियरी और वकीलों पर ऐसे बयान कर रहे हैं। ऐसे बयान कोर्ट की अवमानना है। मुख्यमंत्री का बयान न्याय की छवि को धूमिल करने वाला है।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए कहा था कि 'ज्यूडिशियरी में भयंकर भ्रष्टाचार हो रहा है। मैंने सुना है कि कई वकील तो जजमेंट लिखकर ले जाते हैं। वही जजमेंट आता है। ज्यूडिशियरी के अंदर यह क्या हो रहा है? चाहे लोअर ज्यूडिशियरी हो या अपर। हालात गंभीर हैं। देशवासियों को सोचना चाहिए।'

# महिला को निर्वस्त्र घुमाने की निंदा

**जयपुर।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने प्रतापगढ़ जिले के धरियाबाद क्षेत्र में महिला को निर्वस्त्र घुमाने की कड़े शब्दों में निंदा एवं भर्त्सना की है।

- अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने निंदा की

समिति का कहना है कि राजस्थान में महिलाओं के साथ बलात्कार हिंसा वह जधन्य अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। प्रतापगढ़ जिले के धरियावद तहसील के गांव में एक महिला को जिस तरह से निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया गया है वह पूरे प्रदेश को और सरकार को शर्मसार कर देने वाली घटना है। महिलाओं के साथ जिस तरह से बर्बरतापूर्वक ढंग से हिंसा करते हुए यौन अपराध किए जा रहे हैं वो सभ्य समाज पर कलंक है। संगठन प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग करता है कि महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस एवं प्रशासन को पाबंद किया जाए और अपराधियों के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्यवाही करते हुए सख्त सजा दिलवाई जाए। ताकि समाज को शर्मशार करने वाली घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो।

# डेपुटेशन चोर दरवाजा है, इसकी रोकथाम के लिए कानून बनाना चाहिए : चिकित्सा मंत्री

## चिकित्सा मंत्री ने सार्वजनिक बयान दिया कि डेपुटेशन कराने के लिए 10 से 15 लाख रुपए देने पड़ते हैं तब जाकर जयपुर डेपुटेशन होता है

**दौसा, (निसं)।** लालसोट विधानसभा से चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा रोज नए बयान देने के चलते सुर्खियों में बने हुए हैं हाल ही में उनके द्वारा राजनीति में वंशवाद को लेकर बयान दिया गया था। अब शनिवार को सरकारी कॉलेज में चित्रकला कक्षा के लोकार्पण कार्यक्रम में दिए गए डेपुटेशन चोर दरवाजे जैसे बयान के बाद फिर से चिकित्सा मंत्री सुर्खियों में हैं।

जिले के लालसोट उपखंड स्थित राजकीय राजेश पायलट कॉलेज में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने संबोधन के दौरान बयान देते हुए कहा कि सरकारी विभागों में डेपुटेशन चोर दरवाजा है, इसकी रोकथाम के लिए कानून बनना चाहिए। चिकित्सा मंत्री ने सार्वजनिक बयान दिया कि डेपुटेशन कराने के लिए 10 से 15 लाख रुपए देने पड़ते हैं तब जाकर जयपुर डेपुटेशन होता है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा

- राजकीय राजेश पायलट कॉलेज में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने चित्रकला कक्ष के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया

कि डेपुटेशन वे करवाते हैं जो कामचोर होते हैं एवं जिन्हें काम नहीं आता और वह कार्य का संपादन करना ही नहीं चाहते हैं।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि, उनके चिकित्सा मंत्री बनते ही स्वास्थ्य विभाग में उन्होंने एक ही दिन में एक हजार के करीब डेपुटेशन तुरंत सिंगल आदेश निरस्त किए थे। मंत्री मीणा ने कहा कि उन्होंने दो साल के अंदर एक भी डेपुटेशन नहीं किया है एवं पहले कहीं डॉक्टर होते थे कहीं नहीं होते थे कहीं मेडिकल स्टाफ था कहीं नहीं था। अब प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिला अस्पताल में पर्याप्त चिकित्साकर्मी चिकित्सा अधिकारी लगे हुए हैं। संबोधन के दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा ने सरकारी पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल को कहा कि जो डेपुटेशन चाहते हैं उनकी लिस्ट मुझे दे दो मैं सब का डेपुटेशन कैंसिल करा दूंगा ऐसे लोगों को तो नौकरी करने का अधिकार नहीं है।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि कई जगहों पर सरकारी कार्य में डेपुटेशन करा कर खुद का व्यापार करते हैं। मंत्री मीणा ने कहा कि वे डेपुटेशन के चोर दरवाजे के खिलाफ हैं और वे चाहते हैं कि जहां कार्य में काम करें वहीं से उसे वेतन मिले। साथ ही वे पुरजोर प्रयास कर रहे हैं कि इस डेपुटेशन के खिलाफ भी कानून बने ताकि इसकी रोकथाम हो सके। बहरहाल आगामी विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा दिए जा रहे हैं राजनीति में वंशवाद एवं सरकारी विभागों में डेपुटेशन चोर दरवाजा इन बयानों के बाद चिकित्सा मंत्री मीणा लोगों में हो रही चर्चा में सुर्खियां बटोर रहे हैं।

गौरतलब है कि चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा लोकसभा चुनाव में उनके पुत्र द्वारा चुनाव लड़ने की इच्छा को नेस्तनाबुत किया था। क्षेत्र में खुद की कद्दावर एवं साफ-सुथरी व निष्पक्ष छवि रखने की चाह रखने वाले चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के बयान पीके तक होने के चलते कई बार सुर्खियों में भी बने रहते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रक्षा मिश्र पीसी से सदस्य पूर्व अध्यक्ष दिनेश मिश्रा प्राचार्य किरोड़ी लाल मीणा पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट नाथूलाल मीणा दीपक पुरोहित आदि कई लोग मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम राजे व कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई की मुलाकात

## दोनों में हुई मुलाकात के निकाले जा रहे हैं कई मायने



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष सांसद गौरव गोगोई से मुलाकात की।

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष सांसद गौरव गोगोई की मुलाकात चर्चाओं में है। यह मुलाकात वैसे तो उदयपुर एयरपोर्ट के लाउंज में हुई है, लेकिन इस मुलाकात के कई राजनीतिक मायने निकल जा रहे हैं। बस फिर क्या था, तस्वीरें बाहर आईं तो चर्चा में आ गईं। तस्वीरों के सामने आते ही कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने कई शेरो शायरियां लिखकर अपने-अपने अंदाज में ट्वीट किया जिनमें कई राजनीतिक मैली निकल जा सकते हैं।

गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई इन दिनों बतौर कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन की हैसियत से राजस्थान दौरे पर आये हुए हैं। शुक्रवार को वे उदयपुर थे। वहीं पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी भाजपा की परिवर्तन यात्रा से एक दिन पहले देव दर्शनों के लिए निकली हुई थीं। यही कारण रहा कि दोनों विरोधी दलों के नेता अनायास ही उदयपुर एयरपोर्ट पर टकरा गए।

सांसद गौरव गोगोई ने वसुंधरा राजे को सामने देखते ही उनका अभिवादन किया। जवाब में राजे ने भी अभिवादन स्वीकार करते हुए गोगोई से मुलाक़ात की। इस दौरान कांग्रेस के अन्य नेता भी गोगोई के साथ रहे। इसके बाद कुछ देर के लिए गोगोई और राजे के बीच बातचीत का दौर भी चला। सभी नेताओं ने मिलकर तस्वीर खिंचवाई और फिर अपने-अपने गंतव्य की ओर चल दिए।

सांसद गौरव गोगोई पिछले दिनों संसद सत्र के दौरान तब ज़्यादा चर्चा में रहे जब विपक्ष की ओर से मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। प्रस्ताव के शुरूआती भाषण पर बोलते हुए उन्होंने मोदी सरकार पर कई आरोप भी लगाए थे और सवाल भी पूछे थे।

सांसद गौरव गोगोई कांग्रेस पार्टी के युवा सांसदों में से एक हैं। वे असम की कलियाबोर सीट से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। वहीं वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह भी लोकसभा से भाजपा सांसद हैं। संसद सत्र के दौरान गोगोई और दुष्यंत एक-दूसरे के आमने-सामने रहते हैं।

# खैरथल-मातोर सड़क पर लगे टोल प्लाजा को हटाने की मांग

## विधायक मनजीत चौधरी धरने पर बैठे, अति. कलेक्टर ने समझाइश की

**खैरथल, (निसं)।** किशनगढ़ बास-खैरथल सड़क मार्ग पर टोल हटाने के बाद अब मुंडावर विधायक मनजीत धर्मपाल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के खैरथल-मातोर सड़क मार्ग पर लगे टोल प्लाजा को हटवाने के लिए अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। इस सूचना के साथ पहुंचे पुलिस प्रशासन के अधिकारीयों की समझाइश के बाद भी जब भाजपा विधायक मनजीत धर्मपाल चौधरी नहीं उठे तो देर रात को अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश साहरण मौके पर पहुंचे और विधायक से वार्ता कर धरना समाप्त कराया।



विधायक से वार्ता कर धरना समाप्त कराकर अवरुद्ध मार्ग खुलवाया।

टोल प्लाजा हटाए जाने की मांग को लेकर धरना दे रहे मुंडावर विधायक मनजीत धर्मपाल चौधरी का कहना था कि सरकार ने खैरथल किशनगढ़ बास सड़क मार्ग पर से टोल प्लाजा हटाकर और मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के खैरथल मातोर सड़क पर लगे टोल प्लाजा को नहीं हटाकर मुंडावर की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया है। जब खैरथल किशनगढ़ बास मार्ग पर सरकार टोल प्लाजा को हटा सकती है तो फिर खैरथल मातोर सड़क पर लगे टोल प्लाजा को क्यों नहीं हटाया जा सकता है।

मुंडावर विधायक मनजीत धर्मपाल चौधरी टोल प्लाजा हटाए जाने की मांग को लेकर 2 दिन पूर्व खैरथल तिजारा जिला कलेक्टर ओमप्रकाश बैरवा से मिले थे और ज्ञापन देते हुए नहीं हटाए जाने पर धरने पर बैठने की चेतावनी दी थी। शुक्रवार को विधायक मनजीत धर्मपाल चौधरी टोल प्लाजा नहीं हटने पर समर्थकों के साथ टोल प्लाजा पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। विधायक के धरने पर बैठने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी पहुंचे और विधायक को समझाइश करने लगे लेकिन विधायक नहीं माने।

देर रात अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश साहरण टोल प्लाजा पर पहुंचे और धरने पर बैठे विधायक मनजीत धर्मपाल चौधरी से वार्ता कर धरना समाप्त कराकर अवरूद्ध हो रहे मार्ग को खुलवाकर यातायात सुचारु कराया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश साहरण ने बताया कि मुंडावर विधायक मनजीत धर्मपाल चौधरी की मांग थी की खैरथल मातोर सड़क मार्ग पर से टोल प्लाजा को हटाया जाए। विधायक की मनजीत धर्मपाल चौधरी की ओर से रखी गई मांगों को सरकार को भेज दी है। एसडीएम किशनगढ़बास किशन मुरारी मीणा एसडीएम मुंडावर प्रियंका बडगूजर डिप्टी एसपी किशनगढ़बास सुरेश कुड़ी एसएचओ किशनगढ़बास अमित चौधरी, एसएचओ मुंडावर नंदलाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मालपुरा को जिला बनाने की मांग, धरना 165वें दिन भी जारी

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओ कोर कमेटी के बैनर तले चल रहा धरना शनिवार को 165वें दिन भी जारी रहा। कोर कमेटी के आव्हान पर महेश सेवा सदन में आंदोलन को उग्र करने की रणनीति के लिए बुलाई गई बैठक में पांच हजार लोगों के साथ जयपुर कूच करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। कोर कमेटी की हुई बैठक में बड़ी संख्या में पहुंचे विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने गांधीवादी तरीके से अपने अधिकारों के लिए आंदोलन कर रहे मालपुरा वासियों द्वारा मालपुरा को जिला बनाने की मांग व धरना प्रदर्शन से कांग्रेस सरकार के कानों पर जूं तक नही रैंगने तथा मालपुरा को जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा जान बूझकर की गई अनदेखी को लेकर गहरा आक्रोश देखा गया है।

- मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर पांच हजार लोगों के साथ कोर कमेटी जयपुर कूच करेगी



कोर कमेटी के आव्हान पर आंदोलन को उग्र करने की रणनीति के लिए बैठक बुलाई।

मौजूद नागरिकों ने मालपुरा को जिला बनाने के लिए किये जा रहे आंदोलन को उग्र करने तथा सरकार पर दबाव बनाने के लिए जयपुर भीलवाड़ा व दूदू छाण स्टेट हाईवे जाम कर बीसलपुर से जयपुर पेयजल लाईन को बंद करने सहित सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र को बंद कर जयपुर कूच कर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का सुझाव रखा गया। कोर कमेटी के प्रबुद्धजनों द्वारा गुस्साएं लोगों को समझाईश कर गांधीवादी आंदोलन को जारी रखने तथा 15 सितम्बर के बाद 5 हजार लोगों के साथ जयपुर कूच करने का निर्णय लिया गया। विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनने के लिए दौड़ भाग कर रहे नेताओं से ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटा जयपुर पहुंचने व मुख्यमंत्री से मिल मालपुरा को जिला बनाने की मांग कर घोषणा का दबाव बनाने का आव्हान किया गया। बैठक में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे शिक्षक नेता जतन लाल जाट, एडवोकेट रवि कुमार जैन, सुभाष गालव, रघुवीर सिंह आखतडी, रूपचंद आकोदिया, एडवोकेट कन्हैयालाल सैनी, माधुलाल जाट, किशन लाल फगोडिया, डीआर किशन लाल बैरवा सहित बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के नागरिक मौजूद रहे।

## अधिक राशि वसूलने पर ई-मित्र को बंद किया

**निवाई, (निसं)।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने शनिवार को अधिक राशि वसूलने पर एक ई-मित्र पर कार्यवाही करके बंद करवाया है।

सूचना प्रौद्योगिकी व संचार विभाग में पदस्थापित प्रोग्रामर दिनेश कुमार जैन ने बताया कि इन्दिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों के जन आधार में मोबाइल नम्बर जुड़ा होना आवश्यक है। जन आधार में मोबाइल नम्बर जोड़ने के लिए ई-मित्र की सहायता लेनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि शनिवार को शिविर में आए वनस्थली निवासी भागचंद यादव जन आधार में मोबाइल नम्बर जुडवाने के लिए पुलिस थाने के सामने स्थित एक ई-मित्र पर गया जहां पर ई-मित्र संचालक सुरेशचन्द शर्मा ने जन आधार में मोबाइल नम्बर जोडने के लिए लाभार्थी से 350 रूपये ले लिए जबकि निर्धारित राशि मात्र 50 रूपये है। जिसकी जानकारी लाभार्थी ने सूचना प्रौद्योगिकी संचार विभाग को दी जिस पर प्रोग्रामर दिनेश कुमार जैन ने शिकायतकर्ता को अपने साथ लेकर ई-मित्र केन्द्र पर पहुंचे जहां पर जांच करने पर शिकायत सही पाई गई।

# सरकारी कॉलेज भवन को अन्य स्थान पर बनाने को लेकर ग्रामीण धरने पर बैठे

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र कोटखावदा तहसील में प्रस्तावित राजकीय महाविद्यालय भवन को अन्य गांव में निर्माण को लेकर शनिवार को कोटखावदा के लोग संपूर्ण बाजार को बंद कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे। इस दौरान लोगों ने क्षेत्रीय विधायक वेद प्रकाश सोलंकी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय भवन पूर्व में कोटखावदा कस्बे में प्रस्तावित था। जिसे बदलकर ग्राम पंचायत राडोली के ग्राम नंदलालपुरा में बनाया जा रहा है जो की कोटखावदा कस्बे से लंबी दूरी पर पड़ता है। मामले में नंदलालपुरा गांव के लोग भी विरोध में हैं। मामले में क्षेत्रीय विधायक वेद प्रकाश सोलंकी को बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं हो रही है और इसे लेकर नंदलालपुरा गांव के लोगों ने अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट से कॉलेज भवन निर्माण को लेकर यथा स्थिति के आदेश दे रखे हैं। इसके अतिरिक्त 17 अगस्त को उपखंड अधिकारी चाकसू ने भी सिविल न्यायाधीशों एवं महानगर मजिस्ट्रेट के 14 अगस्त के यथा स्थिति के पालन के आदेश की पालना में ग्राम नंदलालपुरा में मौके पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाने के आदेश दे रखे हैं। इसके बाद 21 अगस्त को कोटखावदा तहसीलदार ने प्रकरण पर उक्त भूमि पर नोट भी लगा रखा है इसके बावजूद भी वहां लगातार कार्य चल रहा है और जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

इससे को गुस्साए कोटखावदा के लोग ने संपूर्ण बाजार को बंद कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं आगे अगर कोई अनहोनी होती है तो इसका जिम्मेदार संपूर्ण प्रशासन होगा।



कोटखावदा तहसील में प्रस्तावित राजकीय महाविद्यालय भवन को अन्य गांव में निर्माण को लेकर कोटखावदा के लोग संपूर्ण बाजार को बंद कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे।

■ कस्बे का संपूर्ण बाजार रहा बंद

इस मौके पर सरपंच मक्खन लाल बडगूजर, महावीर जैन पूर्व सरपंच, गिरिराज मीणा मंडल अध्यक्ष भाजपा, जुगल किशोर शर्मा अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा तहसील कोटखावदा, श्रवण गुर्जर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, पूर्व विधायक अशोक तंवर, लोकेश मीणा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विधानसभा, विक्रम मीणा अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय कोटखावदा,सीताराम नैनीवाल पूर्व एमएलए प्रत्याशी कांग्रेस, श्रवण माली पूर्व कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष,नमोनारायण मीणा कपड़ा व्यापार मंडल अध्यक्ष कोटखावदा, हनुमान विजय व्यापार किराना व्यापार मंडल अध्यक्ष सहित क्षेत्र के कई गणवाने जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### नानी बाई रो मायरो जारी



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम झाड़ली में ओम शक्ति मंदिर में चल रही 15 वां वार्षिकोत्सव और नानी बाई रो मायरो में दितीय दिवस बोलते हुए कथा व्यास अनन्या शर्मा ने कहा कि नरसी मेहता भगवान के अनन्य भक्त थे उन्होंने अपनी सम्पूर्ण सम्पति दान कर भगवान के भजन में लग गए थे। इस दौरान मन्दिर कमेटी कोषाध्यक्ष झब्बर सिंह, संरक्षक विक्रम सिंह, सूरत से मालीराम गोयल, नरपत सिंह झाड़ली , विजयपाल सैनी,शंकर सिंह,मनोज कुमावत गजेंद्र सिंह,महेश सैनी,गणेश कुमावत,सागर जांगिड़, आशीष कुमावत,कानाराम कुमावत,भंवर सिंह रूण्डल,भंवर सिंह झुंझुनूं, शिंभू सिंह झुंझुनू,गोविंद सिंह हरिपुरा , विक्रम सिंह हरदास का बास,श्रीराम यादव पावटा, सोनू सैन,सुभाष कुमावत,सुनील कुमावत, हेमंत सिंह, महेन्द्र सिंह बुर्ज,,रघुवीर सिंह, मोनू टेलर बब्बई, हंसराज कुमावत,हर्षवर्धन सिंह आदि गण मान्य लोग मौजूद थे।

### सांभर में सांसद राठौड़ का प्रोग्राम रद्द

**सांभरझील, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का सांभर में शनिवार को आने का प्रोग्राम कैंसिल होने से भाजपा कार्यकर्ताओं में गहरी मायूसी व्याप्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सवाईमाधोपुर में आयोजित परिवर्तन यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होने के निर्देश चलते यहां का कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा, हालांकि दोबारा उनका कार्यक्रम अब कब होगा इस बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं है। बता दें कि शनिवार को पंचमुखी बालाजी के समीप स्थित एक धर्मशाला में सांसद का पार्टी कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं व व्यापारियों से संवाद कार्यक्रम था। लोगों को कहना है कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनने के बाद उनका सांभर के प्रति कभी कोई खास रुझान नहीं रहा। सोशल मीडिया पर भी इस मामले को लेकर लोगों ने अपनी अलग-अलग राय भी रखी। कांग्रेस के सक्रिय नेता नजम उल हसन उस्मानी का कहना है कि सांसद यदि विगत पांच सालों में सांभर की जनता से जुड़ाव रखते तो तो चुनावों के मद्देनजर इस वक्त उन्हें संवाद स्थापित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित ही नहीं करना पड़ता, लेकिन यह कार्यक्रम भी फिलहाल नहीं हो सका है तो सांभर की जनता उनके दर्शन को फिर से तरस गई है।

### पंचायत भवन का लोकार्पण

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** ग्राम पंचायत डोला का बास के नवीन भवन का लोकार्पण व वीर तेजाजी महाराज के सामुदायिक भवन के निर्माण का शिलान्यास शनिवार को विधायक रामलाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डोला का बास सरपंच सुल्तान राम बुनकर ने विधायक रामलाल शर्मा सहित कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रधान रामस्वरूप यादव, पूर्व प्रधान महेश मीणा, पूर्व सरपंच रामगोपाल मीणा, घिनोई सरपंच एकता कंवर, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी यादव, समिति अध्यक्ष जगदीश प्रसाद, जयप्रकाश चौधरी, बंशीधर मण्डल , समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, मालीराम ऑपरेटर, जगदीश करीरा, जीवतराम मीणा सोहनलाल पारीक, पूरण खातोदिया, मोहन खातोदिया, मनोज पारीक, रामपाल मीणा, उप सरपंच नानूराम मीणा, कानाराम यादव, गोपाल जाट, मोहनलाल पारीक, जय सिंह ठाकुर समस्त वार्ड पंच एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### तम्बाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

**टोंक, (निसं)।** राज्य सरकार के द्वारा मई से जुलाई 2023 में 60 दिवसीय टोबेको फ्री यूथ कैंपेन संचालित किया गया था। जिसके अन्तर्गत जिलों में तम्बाकू मुक्त विद्यालय गतिविधियां आयोजित कर विद्यालियों को तम्बाकू मुक्त क्षेत्र बनाया गया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को नो बैग डे के अवसर पर विद्यार्थियों को तम्बाकू व अन्य नशों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराकर, इनसे दूर रहने के प्रति प्रेरित व जागरूक किया गया। इस अवसर पर बच्चों को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस एस अग्रवाल ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यालयों में 02 सितम्बर को नो बैग डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नो बैग डे कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कर्मियों ने तम्बाकू रहित जीवन एवं तम्बाकू से बचाव एवं तम्बाकू व अन्य नशों के सेवन से होने वाले के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराकर, इनसे दूर रहने के प्रति प्रेरित व जागरूक किया।

### स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार ने शनिवार को टोंक शहर में संचालित मदरसा सआदत एवं इस्लामिया नियाजिया गर्ल्स में स्थापित स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, मदरसा मन्तशा के क्लासरूम का निरीक्षण कर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक स्तर को जांचा तथा संस्था प्रधान से बच्चों को राज्य सरकार की योजनाओं के मिल रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्राथमिक स्तर के मदरसों को 8वीं कक्षा तक एवं उच्च प्राथमिक मदरसों को 10वीं कक्षा तक करने के लिए प्रयासरत है। ताकि अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के 8वीं कक्षा के पश्चात ड्रॉप आउट की स्थिति को रोककर शिक्षा के स्तर को बढ़ाया जा सके।

## संक्षिप्त

### अशोका कोचिंग ने लहराया परचम

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सुप्रसिद्ध कस्बे के लाल कोठी स्थित अशोका कोचिंग संस्थान ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता व योग्यता का परिचय देते हुए सफलता का परचम लहराया है। संस्थान से 15 अभ्यर्थियों का चयन राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट लेवल 01) में हुआ है। सभी चयनित विद्यार्थियों का शनिवार को संस्थान में सम्मान किया गया। निदेशक इंजी. राजेश चौधरी ने बताया कि उक्त 15 विधार्थियों के अलावा 10 विद्यार्थियों का चयन भारतीय रेलवे में हुआ है।

### राजस्थान मिशन-2030 के तहत संगोष्ठी

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** नीमराना कस्बे के राव सोहन लाल पीजी महाविद्यालय में राजस्थान मिशन 2030 के तहत एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार के मिशन 2030 के तहत कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा, रोजगार एवं युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव दिए गए। वहीं प्राचार्य डॉ कौशल कुमार द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए विकसित राज्य की कल्पना को सुनिश्चित करने में सहभागी बनने का आव्हान किया गया।

### व्यापार मंडल का सम्मान समारोह आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर के सामाजिक कार्यकर्ता व उद्योगपति सुरेश सामोता गंगा ग्रुप सीकर की ओर से नौलखा कोठी स्थित सरस्वती मैरिज गार्डन श्रीमाधोपुर में 3 सितंबर रविवार को साय 4:15 बजे व्यापार मंडल सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजक टीम सुरेश सामोता की ओर से कस्बे के विभिन्न बाजारों में कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में व्यापारियों को आने हेतु आमंत्रण पत्र वितरित किए गए।

## विधायक ने सड़कों का शिलान्यास व उद्घाटन किया

**राजगढ़, (निसं)।** कस्बे में 6 करोड़ की लागत बनने वाली सड़कों का शिलान्यास एवं उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक जौहरी लाल मीणा ने किया। इस कार्यक्रम में विधायक मीणा ने राजगढ़ क्षेत्र के चौमुखी विकास के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि जितने विकास कार्य करवाए हैं, उतने अभी तक कभी नहीं हुए। उन्होंने आने वाले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को विजय बनाने की भी अपील की।

इससे पूर्व नगरपालिका एवं लोगों की ओर से विधायक जोहरी लाल मीणा सहित अन्य अतिथियों का माला एवं साफा से स्वागत किया गया। विधायक ने चिंता हरण हनुमान मंदिर से लेकर कारोठ तक सीसी रोड का उद्घाटन किया इसके बाद बांदीकुई मार्ग उपाधीक्षक कार्यालय के समीप से बनने वाली सड़क का चौराहे पर डीवाईएसपी ऑफिस से मेगा हाईव तक तक स्टेशन मार्ग होते सड़क मार्ग का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि करीब एक दर्जन सड़कें नगर पालिका क्षेत्र में बन जाने के बाद कोई मोहल्ला बिना सड़कों के निर्माण से वंचित नहीं रहेगा।

गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कमिश्नर बीपी मीणा ने राजगढ़ को जिला बनाने, नगर परिषद एवं उप जिला अस्पताल की मांग रखी। इधर भूपेंद्र शर्मा अध्यक्ष पंचायती पुस्तकालय एवं वाचनालय ने कहा कि विधायक से प्रतिनिधि मंडल ने जिला बनाने की मांग सहित अन्य बातें रखी जिस पर विधायक ने सद्भाव पूर्ण माहौल में मुख्यमंत्री से वार्ता करने के लिए समय मांगने का विश्वास जताया। इस अवसर पर व्यापार संघ के अध्यक्ष बसंत गुप्ता, जगदीश गुप्ता, संत ज्ञानेश्वर शर्मा, मुंशी गुप्ता, बना राम मीणा, एवं बीपी मीणा सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, शिवदत्त शर्मा, गिरिराज गुप्ता, मोनू बृजवासी, राजेंद्र चेयरवाल, प्रेम पटेल, राजेश शर्मा ठेकेदार, नंदलाल मीणा, अनिल गुप्ता एवं डोरोली सरपंच छोटेलाल सहित अन्य कस्बे के प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पंचायत समिति सदस्य एन एल वर्मा ने किया।

## संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**मंडावरी, (निसं)।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बिनौरी में प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय छात्र वर्ग की संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को विद्यालय परिसर में हुआ।

इस संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे प्रतिभागियों द्वारा उद्घाटन मैच के दौरान दमखम दिखाया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों के 283 खिलाड़ी भाग्य आजमाएंगे। खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाथूलाल मीणा पंचायत समिति प्रधान लालसोट एवं अध्यक्षता बाबूलाल ठेकेदार ने की। संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ एवं समापन समारोह 5 सितंबर को आयोजित होगा।

■ 24 टीमों के 283 खिलाड़ी लेंगे भाग


प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हरिशंकर रैगर एवं ग्राम वासियों द्वारा अथितियों का पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में लालसोट पंचायत समिति प्रधान ने कहा कि खेलों से मानसिक व शारीरिक सर्वांगीण विकास होता है। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी अत्यावशक हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में खो खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

## चोरी की आठ बाइक बरामद की

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** किशनगढ़ बास पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात में शामिल एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया है। बाल अपचारी की निशानदेही पर चोरी की 8 मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद की है।

थाना प्रभारी अमित चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में हो रही मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए खैरथल तिजारा पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए गए अभियान, डीएसपी किशनगढ़ बास के सुपरविजन में थानाधिकारी अमित कुमार एवं डीएसटी टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए एक बाल अपचारी को निरूद्ध कर उसके कब्जे से आठ बाइक चोरी की बरामद की है। थाना अधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि डीएसटी टीम इंचार्ज सदीक खान किसी अपराधी की सूचना पर नाकाबंदी कर रहे थे नाकाबंदी के दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर एक लड़का किशनगढ़ बास की ओर से आता हुआ दिखाई दिया। शक होने पर उसको रोक कर चेक किया एवं मोटरसाइकिल के कागजात के बारे में पूछा तो संतोष पूर्वक जनक जवाब नहीं दिया गहनता से पूछने पर मोटरसाइकिल को खैरथल से चोरी कर लाना बताया। लड़के की तलाशी ली तो उसके पास से एक चाकू भी मिला पूछताछ करने पर लड़के ने बताया कि उसने इस बाइक के अलावा सात अन्य बाइक भी चोरी की हैं पुलिस ने उसके घर से सात और बाइक बरामद की है।

## सुरेश खानपुर अध्यक्ष निर्वाचित

**लालसोट, (निसं)।** मंडावरी कस्बे में विभिन्न व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों द्वारा सर्वसम्मति से व्यापार महासंघ एकीकृत कर एक छत के नीचे आकर व्यापार मंडल से जुड़ी समस्याओं के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प लिया है।

शनिवार को कस्बे में संचालित विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा एक राय होकर सर्वसम्मति से आयोजित की गई बैठक में एक राय से विभिन्न व्यापार मंडलों के बनाए गए एकमुश्त संघ के अध्यक्ष पद पर सुरेश खानपुर को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। कस्बे में संचालित विभिन्न ने व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा एक बैठक अग्रवाल सेवा सदन में रखी गई। इस सामूहिक बैठक में कपड़ा रेडीमेड मनिहारी किराना खाद बीज जनरल स्टोर होजरी इलेक्ट्रॉनिक व्यापार संघ एवं अन्य सभी व्यवसायिक संगठनों को मिलाकर एक व्यापार महासंघ बनाने का आ ान किया गया। इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद विभिन्न व्यापार मंडल और संगठनों आदि के सभी प्रतिनिधि द्वारा सहमति जताई गई। इस बैठक के दौरान सभी व्यापार मंडलों को मिलाकर बनाए गए थे एक संगठन के अध्यक्ष पद पर सुरेश चंद खंडेलवाल खानपुर वालो को अध्यक्ष एवं पुरुषोत्तम बैराड़ा वाले को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। इसी तरह संगठन के कोषाध्यक्ष पद पर विमल बजाज एवं संरक्षक पद पर रतन गोयल व कमलेश चौधरी को मनोनीत किया गया। इस संगठन में संगठन मंत्री के पद पर रामफूल सैनी भगवान मित्तल मुकेश घी वाला परमेश्वर पट्टया दामोदर सैनी रवि खेड़ा वाला मनोज महारिया को जिम्मेदारी दी गई। मंत्री पद पर सुरेश बैराड़ा व टीकमचंद एवं महेंद्र शर्मा को जिम्मेदारी दी गई। वहीं विभिन्न संगठनों को एक संगठन बनाकर नवनिर्वाचित हुई कार्यकारिणी का सामूहिक रूप से अभिनंदन व स्वागत भी किया गया।

## मानस्तम्भ का शिलान्यास

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा की जोबनेर सड़क स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन नसियां प्रांगण पर मानस्तंभ के निर्माण हेतु वात्सल्य आचार्य विमल सागर के शिष्य आचार्य भारत सागर महाराज की शिक्षा बाल योगिनी आर्यिका रत्न नंदीश्वरमति माता के सानिध्य एवं युवा प्रतिष्ठाचार्य मनोज शास्त्री के निर्देशन में शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विधायक निर्मल कुमावत, वास्तुविज्ञ राजकुमार कोठारी रहे। फुलेरा प्रवासी ज्ञानचन्द जैन(बडजात्या) परिवार की ओर से भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें स्वर्ण रजत परमेशटी ताम्र एवं प्रीत शिराएं विधि विधान पूर्ण मंत्र उच्चारण के साथ शिलान्यास कार्य किया गया। इस अवसर पर ज्ञानचन्द व निर्मला बड़जात्या, मनीला मेघराज व गौरव कोठारी उदयपुर, सीमा एवं रचित जैन अजमेर, कैलाश बैनाड़ा, महावीर जैन, संदीप जैन, सुबोध छाबड़ा, कमोद जैन, विमल जैन, सुनील काला, सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# कोटपुतली में दो युवकों में दिन दहाड़े हुई चाकूबाजी

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर शनिवार दोपहर गाड़ी मांग कर ले जाने की बात पर दो युवकों में दिन दहाड़े चाकूबाजी हो गई। जिसके चलते दोनों युवक चोटिल हो गये। जिनमें से एक युवक की स्थिति गंभीर होने पर उसे जयपुर रैफर कर दिया गया है।

बीडीएम पुलिस चौकी प्रभारी बाबूलाल के अनुसार सुखराम पुत्र पतराम गुर्जर निवासी दलपतपुरा, पाटन (नीमकाथाना) ने बताया कि मैंने अपने रोजगार के लिए टैक्सी गाड़ी ले रखी है। जिसे ग्राम कुहाड़ा कल्याणपुरा निवासी कालू गुर्जर कई बार बाहर लेकर जाता है। शनिवार को उसने गाड़ी मांगी तो उसने मना कर दिया इस पर कालू उससे झगड़ा करने लगा।

■ दोनों युवक गंभीर घायल, एक जयपुर रैफर

जिसकी सूचना सुखराम ने अपने भाई संजय को दी। इतनी की देर में मौके पर पहुंचे संजय से भी कालू उलझ पड़ा। घटना के दौरान आरोपित कालू गुर्जर ने संजय पर चाकू से हाथ, पैर व उंगली पर वार किया। वहीं संजय ने भी कालू के पैर, जांघ व छाती पर चाकू से वार किया। घटना में दोनों घायलों को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

जहां से हालत गंभीर होने पर कालू गुर्जर को जयपुर रैफर कर दिया गया। इधर पुलिस को मुख्य चौराहे पर चाकूबाजी होने की सूचना मिली तो पुलिस आनन-फानन में मुख्य चौराहा पहुंची लेकिन हैरानी की बात यह है कि मुख्य चौराहे पर बड़ी संख्या में थड़ी-ठेला व्यापारी से लेकर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी होने के बावजूद भी पुलिस के काफी चक्कर लगाने के बाद भी लोग घटनाक्रम की जानकारी देने से बचते नजर आये।


घायलों का चिकित्सकों ने उपचार किया।


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

अधिकृत अधिकारी-सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल-sardeep.rathore@idfcbank.com

### परिशिष्ट-IV-ए
### (नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)
### अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 22.09.2023 को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (iv) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC को देखें।"

**निलामी का विवरण**

| क्रम सं. | डिमांड नोटिस तिथी एवं राशि | ऋण | ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) के नाम | सम्पत्ति का पता | आरक्षित मूल्य राशि | ईएमडी राशि | ईएमडी तथा दस्तावेज जमा कराने का अंतिम समय व तिथि (आनलाइन) तक/पहले | निलामी की तिथि तथा समय | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि व समय | अधिकृत अधिकारी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08.02.2023 को रूपये 1,19,33,919.71/- | 47874469 | सौरभ गोयल, गोयल पेपर कारपोरेशन, मोहन लाल गोयल, सौरभ गोयल (गोयल पेपर कारपोरेशन) मोहन लाल गोयल (गोयल पेपर कारपोरेशन) | रिहायशी मकान नं. 4-एम-70, क्षेत्रफल 116.21 वर्ग मीटर, सैक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-मकान नं. 4 एम 51, पश्चिम-रोड 9 मीटर चौडी, उत्तर-मकान नं. 4-एम-71, दक्षिण-मकान नं. 4-एम-69 | रूपये 13,790,000/- | रूपये 13,79,000/- | 22.09.2023 सायं 5.00 तक | 22.09.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक | 15.09.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक | सरदीप राठौड, सम्पर्क नम्बर 9887772255 ई-मेल आईडी- sardeep.rathore @idfcbank.com |
| 2 | 15.06.2022 को रूपये 31,52,865.55/- | 27908050 | विजय कुमार जांगिड, आशा देवी, महालक्ष्मी हार्डवेयर एण्ड मशीनरी स्टोर, महेन्द्र कुमार जांगिड, राजेन्द्र कुमार जांगिड, सुरेन्द्र कुमार जांगिड, सुवालाल जांगिड, विजय कुमार जांगिड द्वारा महालक्ष्मी हार्डवेयर एण्ड मशीनरी स्टोर | सम्पत्ति पट्टा नं. 11, ग्राम एवं गाम पंचायत मोरीजा, तहसील-चौमू, जिला-जयपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 183 वर्ग गज, और सीमायें है- पूर्व-गली फिर द्वारिका प्रसाद तिवारी का मकान, पश्चिम-गली फिर भैरू राम का मकान, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-गली फिर चौथमल पटवारी का मकान | रूपये 2,645,000/- | रूपये 2,64,500/- | 22.09.2023 सायं 5.00 तक | 22.09.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक | 15.09.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक | |

**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक- 02.09.2023
स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, पूर्व में आईडीएफसी बैंक के नाम से जाना जाता था
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)



मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि महिलाओं की फुटबॉल को वो सारी सुविधायें मिलें जो भारत में पुरुष फुटबॉल को मिलती है और मैं सच में मानता हूं कि हमारे पास महिलाओं के फुटबॉल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रगति करने का बेहतर मौका है। **- कल्याण चौधरी**

**एआईएफएफ अध्यक्ष, महिला फुटबॉल को लेकर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## नीरज चोपड़ा



केंद्र सरकार के मिशन ओलंपिक सेल ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के मैग्लिंगन में 12 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिए मंजूरी दे दी है। एक से 12 सितंबर के बीच आयोजित तैयारी शिविर के लिए कुल 5.89 लाख मंजूर किए गए हैं। नीरज गुरुवार को ज्यूरिख में डायमंड लीग इवेंट में 85.71 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो रिकॉर्ड करके दूसरे स्थान पर रहे हैं। महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपल चेज़ स्पर्धा में बुडापेस्ट में 9:15.31 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली पारूल चौधरी को भी टाप्स कोर ग्रुप में शामिल किया गया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टेस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

## श्रीलंका क्रिकेट ने सभी घरेलू टूर्नामेंट स्थगित किए

कोलंबो, 2 सितंबर। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने उन सभी घरेलू टूर्नामेंट को तत्काल प्रभाव से अस्थाई तौर पर स्थगित कर दिया है जिनका आयोजन बोर्ड करता है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार,"श्रीलंका क्रिकेट ने बोर्ड द्वारा आयोजित सभी घरेलू टूर्नामेंटों को तुरंत प्रभाव से रोकने का फैसला किया है।" रिपोर्ट में कहा गया है, "जिन प्रतियोगिताओं को रोका गया है उनमें मौजूदा मेजर क्लब तीन दिवसीय टूर्नामेंट और इंविटेशनल क्लब टियर 'बी' तीन दिवसीय टूर्नामेंट भी शामिल हैं।" इसमें कहा गया है," श्रीलंका क्रिकेट स्पष्टीकरण नहीं मिलने का उन सभी घरेलू टूर्नामेंट को स्थगित करने के लिए मजबूर है जिनका आयोजन बोर्ड करता है।" रिपोर्ट के अनुसार यह स्थिति एसएलसी के 2021 में अपनी घरेलू प्रतियोगिताओं को नया स्वरूप देने को लेकर उठे विवाद के कारण पैदा हुई। कई पक्षों ने श्रीलंका क्रिकेट के इस कदम का विरोध किया था।

## ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका से टी-20 श्रृंखला जीती

डरबन, 2 सितंबर। कप्तान मिशेल मार्श ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी जबकि मैथ्यू शार्ट ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जिससे आस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया जिसने आठ विकेट पर 164 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 165 रन बनाकर 31 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की। बुधवार को खेले गए पहले मैच में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 92 रन की पारी खेलने वाले मार्श ने दूसरे मैच में नाबाद 76 रन बनाए जबकि शार्ट ने 30 गेंदों पर 66 रन की पारी खेली। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच 111 रन के बड़े अंतर से जीता था। तीसरा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 46 रन था। कप्तान एडेन मार्कराम (49), सलामी बल्लेबाज तेंबा बावुमा (35) और ट्रिस्टन स्टब्स (27) के प्रयासों से वह सम्मानजनक स्कोर बनाने में सफल रहा। मार्कराम ने स्टब्स के साथ 51 रन और गेराल्ड कोएट्ज़ी (11) के साथ 41 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सीन एबोट और नाथन एलिस ने तीन-तीन विकेट लिए।

## प्रो. कबड्डी लीग (पीकेएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी टली

मुंबई, 2 सितंबर। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीमों की निर्बाध तैयारी को सुनिश्चित करने के लिए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजकों ने इसके 10वें सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी को फिलहाल आगे बढ़ा दिया है। भारतीय अमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) के अनुरोध पर इस नीलामी को स्थगित करने का फैसला लिया गया है। खिलाड़ियों की नीलामी पहले आठ और नौ सितंबर को होने वाली थी। पीकेएल के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा, " हमें एशियाई खेलों में कबड्डी प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों की तैयारियों के मद्देनजर पीकेएल के 10वें सत्र के खिलाड़ियों की नीलामी को स्थगित करने के लिए एकेएफआई प्रशासक से औपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ है।" उन्होंने कहा, मशाल और एकेएफआई का मानना है कि यह भारतीय कबड्डी के लिए बेहद महत्वपूर्ण आयोजन है।" आयोजक पीकेएल टीमों और प्रसारकों के परामर्श से खिलाड़ियों की नीलामी के लिए नयी तारीखों की घोषणा करेंगे।

## हैदराबाद एफसी ने लालछनहिमा सेलो से करार किया

हैदराबाद, 2 सितंबर। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की पूर्व चैंपियन हैदराबाद एफसी ने मिजोरम में जन्मे मिडफील्डर लालछनहिमा सेलो के साथ तीन साल का करार किया है। बीस साल का यह खिलाड़ी इससे पहले आइजोल एफसी टीम का हिस्सा था। हैदराबाद एफसी के पास इस अनुबंध को एक और सत्र के लिए बढ़ाने विकल्प होगा। हैदराबाद एफसी से जुड़ने पर सेलो ने क्लब से कहा, "मैं हैदराबाद एफसी से जुड़कर और इस सत्र में आईएसएल का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। मैं लंबे समय से इस क्लब से जुड़ना चाहता था क्योंकि यह क्लब युवाओं पर भरोसा दिखाता है और एक टीम के रूप में उन्होंने काफी कुछ हासिल किया है। मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए मैं कोच और प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं।" पंजाब अंडर-15 के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत करने के बाद सेलो तीन साल तक इंडियन एरोज टीम में रहे और अपने खेल में सुधार किया। वह 2022 में आइजोल एफसी से जुड़े, जहां उन्होंने 19 मैचों में तीन गोल किए।

## घर लौटने पर जेना का गर्मजोशी से स्वागत

भुवनेश्वर, 2 सितंबर। ओडिशा के प्रतिभाशाली भाला फेंक एथलीट किशोर जेना शनिवार को अपने वतन लौटे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ओडिशा के खेल निदेशक सिद्धार्थ दास, संयुक्त सचिव रंजीत परिदा और ओडिशा रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स एचपीसी के प्रमुख कोच मार्टिन ओवेन्स सहित खेल एवं युवा सेवा विभाग के कई अधिकारी जेना का उत्साहपूर्वक स्वागत करने के लिये बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्र हुए। उल्लेखनीय है कि जेना ओडिशा के पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

# बारिश में मैच धुला, पर किशन-पांड्या चमके

### भारत-पाकिस्तान मैच रद्द, पाक सुपर चार चरण में



पाल्लेकेले, 2 सितंबर। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को खेला गया बहुप्रतीक्षित एशिया कप ग्रुप-ए मुकाबला बारिश में धुलने के बाद पाकिस्तान ने सुपर-चार चरण में प्रवेश कर लिया। भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में 266 रन बनाये, लेकिन बारिश के कारण पाकिस्तान की पारी की एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। बादलों के लगातार बरसते रहने के कारण अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार रात नौ बजकर 52 मिनट पर मैच रद्द करने का फैसला किया और दोनों टीमों ने एक-एक अंक बांटा। पहले मुकाबले में नेपाल को 238 रन से रौंदने वाला पाकिस्तान सुपर-चार चरण में पहुंच गया, जबकि भारत अब चार सितंबर को नेपाल से भिड़ेगा।

बारिश से पहले शाहीन अफरीदी (35/4) की अगुवाई में पाकिस्तान के तेज़ गेंदबाज़ों ने भारतीय बल्लेबाजी पर कहर बरपाया, जबकि भारत की ओर से हार्दिक पांड्या और ईशान किशन विपरीत परिस्थितियों में चमके। भारत के चार विकेट 66 रन पर गिरने के बाद पांड्या ने 90 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के के साथ सर्वाधिक 87 रन बनाये, जबकि किशन ने 81 गेंद पर नौ चौकों और दो छक्कों के साथ 82 रन की पारी खेली।

इन दोनों के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा नहीं छू सका। शानदार शाहीन ने 10 ओवर में 35 रन देकर चार विकेट लिये, जबकि नसीम शाह (8.5 ओवर, 36 रन) और हारिस रऊफ (नौ ओवर, 58 रन) ने तीन-तीन विकेट चटकाये। यह एशिया कप के इतिहास में पहली बार है जब एक टीम के सभी विकेट तेज़ गेंदबाज़ों ने चटकाये हों।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन बादलों से घिरे हुए पाल्लेकेले स्टेडियम पर पाकिस्तानी गेंदबाजों ने शुरुआती स्विंग का भरपूर फायदा उठाया। बारिश के कारण चौथे ओवर में खेल रुका और मैदान पर वापसी के फौरन बाद शाहीन अफरीदी ने कप्तान रोहित शर्मा (11) को दर्शनीय इन-स्विंगर पर बोल्ड किया। विराट कोहली ने चौके के साथ खाता खोला लेकिन वह भी शाहीन की गेंद पर बोल्ड हो गये।

दो चौकों के साथ अच्छी शुरुआत करने वाले श्रेयस अय्यर रऊफ की छोटी गेंद पर फखर ज़मान को कैच दे बैठे, जबकि खाता खोलने के लिये लंबा समय लेने वाले शुभमन गिल 32 गेंद पर 10 रन बनाकर बोल्ड हुए।

भारत का ऊपरी क्रम जब 66 रन पर पवेलियन लौट गया तब किशन ने पारी को संभाला। केएल राहुल के फिट न होने के कारण टीम में आए किशन आग उगलती पाकिस्तानी गेंदबाजी पर आक्रमण करने से बिल्कुल नहीं हिचकिचाए। उन्होंने हारिस रऊफ की एक छोटी गेंद पर डीप बैकवर्ड पॉइंट पर छक्का जड़कर रफ्तार पकड़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

किशन ने 54 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा करके भारत को 30वें ओवर में भारत को 150 रन के पार पहुंचाया। उप-कप्तान पांड्या के साथ हुई उनकी 138 रन की साझेदारी ने भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। भारत आसानी से 300 रन की ओर बढ़ रहा था कि तभी तेज़ गेंदबाज़ों ने मैच में पाकिस्तान की वापसी करवाई। रऊफ ने किशन को शतक से 18 रन पहले आउट कर भारत की एकमात्र सफल साझेदारी तोड़ी। पांड्या ने रऊफ को तीन चौके जड़कर रफ्तार बढ़ानी चाही लेकिन अफरीदी ने उन्हें और रवींद्र जडेजा (14) को 44वें ओवर में आउट कर एक बार फिर पाकिस्तान का पलड़ा भारी कर दिया। शार्दुल ठाकुर नसीम का पहला शिकार बनने से पहले सिर्फ तीन रन ही बना सके, हालांकि जसप्रीत बुमराह ने नसीम का शिकार होने से पहले 14 गेंद पर तीन चौकों की मदद से बहुमूल्य 16 रन रन बनाकर भारत को 266 रन तक पहुंचा दिया।

## पाक पर रोमांचक जीत के साथ भारत बना एशियाई चैम्पियन

सलालाह (ओमान), 2 सितंबर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को हॉकी 5एस एशिया कप जीतकर एफआईएच पुरुष हॉकी 5एस विश्व कप 2024 के लिये क्वालीफाई कर लिया। भारतीय पुरुषों ने वैश्विक आयोजन में जगह बनाने के लिये एशियाई क्वालीफायर के रोमांचक फाइनल में पाकिस्तान को 4-4 (शूटआउट 2-0) से हराया। भारत के लिये मोहम्मद रहील (19वां, 26वां मिनट) ने दो गोल किये, जबकि जुगराज सिंह (सातवां मिनट) और मनिंदर सिंह (10वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाया। पाकिस्तान की ओर से अब्दुल रहमान (पांचवां मिनट), अब्दुल राणा (13वां मिनट), ज़िकरिया हयात (14वां मिनट) और अरशद लियाक़त (19वां मिनट) ने एक-एक गोल किया और फुल टाइम पर स्कोर बराबर रहने के कारण मुकाबला शूटआउट में चला गया।

शूटआउट में गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह भारत के गोल करने में सफल रहे, जबकि मोहम्मद मुर्तज़ा और अरशद लियाक़त पाकिस्तान के लिये गोल नहीं कर सके। लीग चरण में पाकिस्तान से करीबी मुकाबला हारने के बावजूद भारतीय टीम ने उत्साह के साथ शुरुआत की और विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। पाकिस्तान ने हालांकि बाएं फ्लैंक से मौके बनाना शुरू किये। भारतीय गोलकीपर सूरज कारकेरा ने महत्वपूर्ण बचाव करने के लिये कदम बढ़ाया लेकिन अब्दुल रहमान ने पांचवें मिनट में पाकिस्तान का पहला गोल कर दिया। पाकिस्तान ज्यादा देर तक भारत की फॉरवर्ड पंक्ति को शांत नहीं रख सका। जुगराज और मनिंदर ने तीन मिनट के अंदर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। भारत की यह बढ़त हाफ टाइम तक बरक़रार रह सकती थी लेकिन अब्दुल राणा और हयात ने क्रमशः 13वें और 14वें मिनट में गोल दागकर पाकिस्तान को 3-2 से आगे कर दिया।

भारत ने दूसरे हाफ में जल्दी गोल तलाशने की कोशिश की लेकिन अरशद 19वें मिनट में गोल जमाकर पाकिस्तान की बढ़त दोगुनी करने में कामयाब रहे। भारतीय टीम 2-4 से पिछड़ने के बाद दबाव में आ सकती थी लेकिन रहील ने ऐसा नहीं होने दिया। सेमीफाइनल में चार गोल जमाकर भारत की जीत के नायक रहे रहील ने अरशद के गोल के फौरन बाद भारत का तीसरा गोल किया। पाकिस्तान ने इसके बाद डिफेंस में कुछ गलतियां भी कीं और रहील 26वें मिनट में एक लॉन्ग पास की मदद से चौथी बार पाकिस्तान के डिफेंस को भेदने में कामयाब रहे। दोनों टीमों की पूरी कोशिशों के बाद घड़ी में 30वां मिनट होने तक स्कोर बराबर ही रहा। शूटआउट में अविचल गुरजोत और मनिंदर ने भारत के लिये गोल जमाकर उसे एशियाई चैंपियन बनाया। इस बीच, हॉकी इंडिया ने एशियाई चैंपियन बनने पर भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों को दो लाख रुपये जबकि सहयोगी स्टाफ को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की।

## सैफ अंडर-16, बांग्लादेश पर जीत के साथ भारत का आगाज

थिम्फू (भूटान), 2 सितंबर। भारतीय अंडर-16 पुरुष फुटबॉल टीम ने शनिवार को सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप में बंगलादेश को 1-0 से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। कोच इश्फाक अहमद की अगुवाई वाली टीम ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए लंबे समय तक बंगलादेश के गोलकीपर नाहिदुल इस्लाम को पार नहीं कर सकी, लेकिन थोंगम्बा सिंह उशम ने 74वें मिनट में निर्णायक गोल जमाकर भारत को जीत दिलाई। भारत मुकाबले की शुरुआत में फ्रंट फुट पर रहा और विशाल यादव ने पहले हाफ में कई मौके बनाये। विशाल ने 14वें मिनट में भरत लालरेन्जम के लिये एक मौका बनाया, जिसे इस्लाम ने गोल में नहीं बदलने दिया। बंगलादेश ने भी कई मौकों पर गेंद पर कब्जा रखा लेकिन भारतीय गोलकीपर अहेबम सूरज सिंह के लिये परेशानी पैदा नहीं कर सका।

भारत ने दूसरे हाफ में लंबी दूरी से गोल पर निशाना लगाना शुरू किया और शुरुआती असफलताओं के बाद वह 74वें मिनट में बंगलादेशी डिफेंस को भेदने में सफल रहा। स्थानापन्न खिलाड़ी मनभकुपर मानजियांग ने मिडफील्ड में विपक्षी खिलाड़ी से गेंद छीनकर गोल की ओर निशाना लगाया। इस्लाम पहले प्रयास में गेंद को रोकने में सफल रहे, लेकिन गोलपोस्ट के करीब खड़े उशम ने फौरन ही धैर्य के साथ गेंद को गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। भारतीय टीम अब चार दिन के विश्राम के बाद छह सितंबर को अपने दूसरे और अंतिम ग्रुप मैच में नेपाल से भिड़ेगी। भूटान, पाकिस्तान और मालदीव ग्रुप-बी का हिस्सा हैं।दोनों समूहों की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिये क्वालीफाई करेंगी।

# श्रीलंका से शिकस्त के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश की नजरें जीत दर्ज करने पर

लाहौर, 2 सितंबर। एशिया कप एकदिवसीय टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में लचर बल्लेबाजी के कारण शिकस्त का सामना करने वाली बांग्लादेश की टीम जब अफगानिस्तान के खिलाफ रविवार को लीग चरण के अपने दूसरे मैच के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ यहां मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत दर्ज कर सुपर फोर चरण की दौड़ में बने रहने की होगी। इस मैच में हार से बांग्लादेश परटूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा रहेगा।



श्रीलंका के खिलाफ टीम पालेकल के मैदान पर महज 164 रन पर आउट हो गयी। नजमुल हसन शंटो (122 गेंद में 89 रन ) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज योगदान देने में विफल रहा।

कप्तान शाकिब अल हसन से टीम को बल्ले से योगदान की उम्मीदें थी लेकिन वह टीम के खिलाड़ियों को प्रेरित करने में नाकाम रहे। अफगानिस्तान के खिलाफ उन्हें हालांकि मध्यक्रम में अपनी भूमिका को अच्छे से निभानी होगी। इस विभाग में वह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम से जिम्मेदारी साझा करने की उम्मीद करेंगे।

युवा सलामी बल्लेबाजों मोहम्मद नईम और तंजीद हसन को टीम को बेहतर शुरुआत दिलानी होगी। गेंदबाजी की बात करें तो पिछले मैच में तस्कीन अहमद प्रभावशाली लगे थे लेकिन शरीफुल इस्लाम की गेंदों में पैनापन की कमी दिखी थी। शाकिब ने हालांकि गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए अपने 10 ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये थे। वह इस लय को अफगानिस्तान के खिलाफ जारी रखना चाहेंगे।

बल्लेबाजों ने स्कोरबोर्ड पर बड़ा स्कोर खड़ा नहीं किया जिससे मुस्तफिजुर रहमान, मेहदी हसन मेराज और मेहदी हसन जैसे गेंदबाजों के पास श्रीलंका के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने का मौका नहीं था। अफगानिस्तान की टीम का यह टूर्नामेंट में पहला मैच है। टीम को इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में 0-3 से शिकस्त मिली थी। टीम का हौसला हालांकि इस बात से बढ़ा होगा कि उन्होंने इस साल जून-जुलाई में बांग्लादेश को 2-1 से हराया था। बांग्लादेश ने एकदिवसीय श्रृंखला में हार का बदला टी20 श्रृंखला में अफगानिस्तान को 0-2 से हराकर लिया था।

## डूरंड कप खिताब के लिए आमने-सामने होंगे चिर प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान और ईस्ट बंगाल

कोलकाता, 2 सितंबर। मोहन बागान सुपर जायंट्स रविवार को यहां डूरंड कप के फाइनल में खिताब के लिए चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल एफसी से भिड़ेगा जो टूर्नामेंट के 2004 फाइनल का दोहराव होगा। सॉल्ट लेक स्टेडियम में दो दिग्गज क्लबों के बीच यह मुकाबला तनाव और भावनाओं का द्वंद्व होगा। स्टेडियम दोनों टीमों के खेल प्रेमी हरे-महरून और लाल-सुनहले रंग की जर्सी से भरा होगा। दोनों टीमें 2004 डूरंड कप फाइनल में भी एक दूसरे से भिड़ी थीं जिसमें ईस्ट बंगाल ने 2-1 की जीत से बाजी मारी थी। ईस्ट बंगाल और मोहन बागान 16-16 मौकों पर ट्राफी जीतकर बराबरी पर हैं।

ईस्ट बंगाल ने पिछली बार यह खिताब 2004 में जीता था जबकि मोहन बागान ने पिछली बार यह ट्राफी 2000 में हासिल की थी। ईस्ट बंगाल का इस साल टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है जिसने पांच मैच खेले हैं जिसमें उसने चार में जीत हासिल की जबकि एक मैच ड्रा खेला। कोच कार्ल्स कुआद्रत अपनी टीम की जीत की लय से काफी खुश हैं लेकिन वह जीत के अंतर से थोड़ा चिंतित हैं। उन्होंने कहा, "हमने ज्यादातर मैच करीबी अंतर से जीते हैं। काफी दफा उन्होंने (ईस्ट बंगाल) गोल गंवा दिये। इसलिये यह फुटबॉल का शानदार मैच होगा जिसमें हम जीत दर्ज करने के लिए अपने सभी हथियार इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे। मोहन बागान की टीम खिताब के 23 साल के इंतजार को समाप्त करना चाहेगी। मौजूदा इंडियन सुपर लीग चैम्पियन होने के नाते इस मुकाबले में उसका पलड़ा थोड़ा भारी है लेकिन ईस्ट बंगाल इतना अच्छा खेल रही है कि उसे हराना मुश्किल होगा। मोहन बागान के कोच जुआन फेरांडो ने सेमीफाइनल में मिली जीत के बाद कहा था, "यह हमारे लिये सत्र पूर्व टूर्नामेंट है इसलिये हमारे लिये विभिन्न स्थानों पर विभिन्न खिलाड़ियों को आजमाना अहम है।

## भुवनेश्वर, गुवाहाटी करेंगे फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैचों की मेजबानी

नयी दिल्ली, 2 सितंबर। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड-2 के शुरुआती दो घरेलू मैच भुवनेश्वर और गुवाहाटी में खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने शनिवार को यह घोषणा की। भारत को एशियाई क्वालीफायर के ग्रुप-ए में कतर और कुवैत के साथ रखा गया है, जबकि अफगानिस्तान और मंगोलिया के बीच प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड-1 मुकाबला जीतने वाली टीम भी इस ग्रुप में शामिल होगी।

भारतीय टीम 16 नवंबर 2023 को कुवैत में एक मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि उसका दूसरा मुकाबला 21 नवंबर को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में क़तर के खिलाफ होगा। अगले साल भारत का पहला मुकाबला 21 मार्च को अफगानिस्तान या मंगोलिया में से किसी एक से होगा।

# कोको गॉफ अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में, रायबाकिना बाहर

न्यूयॉर्क, 2 सितंबर। अमेरिका की कोको गॉफ ने तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मैच में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त एलिना रायबाकिना को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और आखिरी 10 गेम जीतकर 32वीं वरीय एलिस मर्टन्स को 3-6 6-3 6-0 से हराया। पिछले साल अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली गॉफ को फिर से अंतिम आठ में प्रवेश करने के लिए 33 वर्षीय कैरोलिन वोज्नियाकी की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2018 की विजेता वोज्नियाकी का संन्यास से लौटने के बाद यह तीसरा टूर्नामेंट है। इस बीच चौथी वरीयता प्राप्त रायबाकिना तीसरे दौर से आगे



बढ़ने में नाकाम रही। उन्हें सोरेना क्रिस्टिया ने तीन सेट तक चले मैच में 6-3, 6-7 (6), 6-4 से पराजित किया। क्रिस्टिया पहली बार अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में पहुंची है। उनका अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच से होगा।

## एशियाड में दो मिनट 58 सेकेंड का समय निकालना मुश्किल होगा : अमोज जैकब

नयी दिल्ली, 2 सितंबर। भारतीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के सदस्य अमोज जैकब को लगता है कि विश्व चैम्पियनशिप का प्रदर्शन मनोबल बढ़ाने वाला है लेकिन एशियाई खेलों में इसे दोहराना मुश्किल होगा क्योंकि प्रतिस्पर्धिता कम होगी। जैकब, मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल वारियाथोडी और राजेश रमेश ने पिछले हफ्ते दो मिनट 59.05 सेकेंड का समय निकालकर एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारतीय पुरुष रिले टीम को विश्व चैम्पियनशिप में पहला पदक दिलाया था।

एशियाई खेलों में यह चौकड़ी स्वर्ण पदक जीतने की प्रबल दावेदार होगी। जेएसडब्ल्यू द्वारा करायी गयी ऑनलाइन बातचीत के दौरान जैकब ने कहा, "निश्चित रूप से हमारे लिए दो मिनट 58 सेकेंड का समय निकालना मुश्किल होगा क्योंकि हमें एशियाई खेलों में किसी से भी ज्यादा चुनौती नहीं मिलेगी। हर कोई हमारी ओर देख रहा होगा। जैकब ने कहा, "मुझे लगता है कि जापान प्रतिस्पर्धी होगा। टाइमिंग के बारे में नहीं पता, उस दिन कुछ भी हो सकता है। भारतीय टीम फाइनल में दो मिनट 59.92 सेकेंड के समय से पांचवें स्थान पर रही। जैकब ने खुलासा किया कि 'हीट' (क्वालीफाइंग रेस) के बाद टीम थकान महसूस कर रही थी। उन्होंने कहा, "हीट से पहले हम दो मिनट 58 सेकेंड का समय निकालने पर ध्यान लगा रहे थे। हमारे कोच जेसन की कुछ योजनायें थीं। उन्होंने कोशिश करने को कहा और पहले स्थान पर रहकर सीधे क्वालीफाई करने के लिए कहा। लेकिन रेस के बाद राजेश एक घंटे तक उल्टी करता रहा और हम बहुत थके हुए थे। " जैकब ने फाइनल के बारे में कहा कि अगर अजमल बोतस्वाना के धावक के ऊपर नहीं कूदता जो अपनी 'लेग' के शुरु में गिर गया था तो भारतीय टीम की 'टाइमिंग' बेहतर हो सकती थी।

# हमवतन जेरे को हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच

न्यूयॉर्क, 2 सितंबर। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को पिछड़कर वापसी करते हुए अपने हमवतन लासलो जेरे को 3-2 से मात दी। जोकोविच ने तीन घंटे 45 मिनट तक चले पांच सेट के मुकाबले में जेरे को 4-6, 4-6, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया।

जोकोविच ने इस कठिन जीत के बाद कहा, "अविश्वसनीय। लगभग दो बज चुके हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग रुके हैं। मुझे उम्मीद है कि (प्रशंसकों) ने मैच का आनंद लिया, लेकिन यह निश्चित रूप से मेरे लिये उतना आनंददायक नहीं था, खासकर पहले दो सेटों में। यह कई वर्षों में यहां खेले गये मेरे सबसे कठिन मैचों में से एक था। बेहतरीन टेनिस खेलने के लिये लासलो को बहुत श्रेय जाता है।"

मैच के शुरुआती 90 मिनटों में जेरे ने लंबी रैलियों में बढ़त बनाए रखी। उन्होंने बेसलाइन से निडर और तेज़तर्रार हिटिंग करते हुए अक्सर जोकोविच के पीछे धकेलकर उनका संतुलन बिगाड़ा। अपना चौथा अमेरिकी ओपन खिताब तलाश रहे जोकोविच ने तीसरे सेट में तेजी से अपना स्तर बढ़ाया और जेरे के फोरहैंड से गलतियां करवाते हुए मुकाबला अपने पक्ष में किया।

मैच का रुख तब बदला जब जोकोविच ने तीसरे सेट में 26 शॉट की रोमांचक रैली जीतकर पहली बार 1-0 से सर्विस तोड़ी। इसके बाद सर्बियाई दिग्गज ने अपने हाथ हवा में उठाकर न्यूयॉर्क की भीड़ से समर्थन मांगा और अगले दो सेट सिर्फ दो गेम गंवाकर जीते। आखिरी सेट में जोकोविच ने जेरे के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के बावजूद शानदार डिफेंस दिखाया और अपनी सर्विस पर मुकाबला जीत लिया।

जोकोविच ने कहा, "अगर वह थक भी रहा था तो इससे उसके खेल पर कोई फर्क नहीं पड़ा। मुझे लगता है कि उसने शायद तीसरे और चौथे की तुलना में पांचवें सेट में बेहतर खेला क्योंकि उसने गेंद को स्विंग कराना शुरू ही किया था। उसने ब्रेक पॉइंट पर पीछे होने के बावजूद बहुत अच्छी सर्विस की।" अगले दौर में जोकोविच का सामना क्रोएशिया के क्वालीफायर बोर्ना गोजो से होगा जो तीसरे दौर में चेक गणराज्य के जिरी वेस्ली को 6-4, 6-3, 6-2 से हराकर आ रहे हैं।



देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 की शार रेंज (श्रीहरिकोटा) से सफलतापूर्वक लॉन्चिंग के साथ भारत की अंतरिक्ष यात्रा में शनिवार को एक और गौरवांवित कर देने वाली उपलब्धि जुड़ गयी। पी.एस.एल.वी. सी-57 लॉन्चिंग उपकरण ने आदित्य-एल1 सैटलाइट को लेकर सुबह 11.50 बजे सूर्य की ओर उड़ान भरी। पी.एस.एल.वी. ने न केवल सफल उड़ान भरी, बल्कि एक घंटे से कुछ अधिक समय के बाद 1475 किलोग्राम वजनी सैटलाइट को इच्छित कक्षा में स्थापित भी कर दिया। यह सैटलाइट आदित्य एल-1 सौर्य क्षेत्र की 125 दिनों की यात्रा के जरिये सूर्य के बाहरी वातावरण (कोरोना) का अध्ययन करेगा। यह इसरो का दूसरा महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है इससे पहले 23 अगस्त को चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम लैण्डर को सफलतापूर्वक उतारा गया था। इसके बाद इसी हफ्ते लैण्डर से बाहर निकलकर प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा की सतह पर खूब चहलकदमी की तथा विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करायीं। सूर्य मिशन के यान (पी.एस.एल.वी-सी 57) ने सैटलाइट (आदित्य एल-1) को ठीक उसकी इच्छित कक्षा में स्थापित कर दिया है, इसे लैंग्रेज पॉइन्ट (एल 1) पर छोड़ा जायेगा। लैंग्रेज पॉइन्ट को सूर्य के सबसे नजदीक माना जाता है, इसी के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में आदित्य एल-1 को स्थापित करने के प्रयास किये जायेंगे। इसरो के अनुसार आदित्य-एल-1 (सैटलाइट) पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य की बाहरी कक्षा में स्थापित रहेगा। यह पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी का लगभग एक प्रतिशत है। जैसा कि विदित है कि, सूर्य गैस का एक विशाल गोला है और आदित्य एल-1 इसके बाहरी वातावरण का अध्ययन करेगा।

# गर्भवती महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में पति सहित सात गिरफ्तार

- **सरकार ने पीड़िता को 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता तथा पुनर्वास सहित सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया।**
- **गिरफ्तार हुए सात लोगों में से एक नाबालिग है। चार आरोपी हिरासत में हैं और तीन अस्पताल में भर्ती हैं, क्योंकि वो भागने के प्रयास में घायल हो गए थे।**

उदयपुर, 2 सितम्बर (कासं)। प्रतापगढ़ जिले के धरियावद के पहाड़ा गांव में एक गर्भवती महिला को उसके पति और ससुराल वालों द्वारा निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने की घटना के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत धरियावद पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पीड़िता से मुलाकात की और पीड़िता को 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता और पुर्नवास सहित सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया। साथ ही भरोसा दिलाया कि, किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा, यह घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। जैसे ही वीडियो वायरल होने की सूचना एस.पी. तक पहुंची, वे और पुलिस जाब्ता तुरंत मौके पर गए। रात को ही ए.डी.जी. दिनेश एम.एन. धरियावद पहुंच गए। पुलिस ने रात को ऐसे इलाके से आरोपियों की धरपकड़ की जहां सिग्नल तक नहीं आ रहे थे, मुख्य आरोपी रात को ही गिरफ्तार कर लिए गए। मामले में जितने आरोपी होंगे सभी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, यह अमानवीय घटना है।

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि, पारिवारिक झगड़े दुनिया में हर जगह होते हैं, लेकिन ऐसी घिनौनी हरकत करना, कानून हाथ में लेना, इससे निंदनीय कुछ नहीं हो सकता। ऐसे मामलों में पक्ष और विपक्ष को मिलकर समाज को मैसेज देना चाहिए कि, ऐसी घटनाओं की समाज में जगह नहीं है।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शनिवार सुबह ए.डी.जी. क्राइम दिनेश एम.एन. भी मौके पर पहुंचे। पीड़िता से मुलाकात कर उसकी स्थिति जानी और जिले में महिलाओं के लिए बनाई गई काउन्सलिंग टीम से उसकी काउन्सलिंग शुरू करवाई गयी है। ए.डी.जी. दिनेश एम.एन. ने बताया कि, महिला के अपहरण और निर्वस्त्र कर घुमाने के आरोप में पति सहित 7 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, वहीं 4 लोग पुलिस हिरासत में हैं। इन 4 लोगों में एक अपचारी है, वहीं तीन हॉस्पिटल में उपचाररत हैं। ये लोग पुलिस से भागने की कोशिश के दौरान घायल हो गए थे।

पुलिस ने बताया कि, घटना गुरूवार शाम की है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गयी एफ.आई.आर. के अनुसार पीड़िता करीब 15 दिन पहले पीहर गई थी, वहीं से वह एक युवक के साथ नाते चली गयी। पीड़िता पिछले कुछ दिनों से युवक के साथ उसके गांव देवला में ही रह रही थी। इस बारे में जब पीड़िता के पति को पता चला तो वह 7 से 8 लोगों के साथ देवला गांव गया और वहां से पीड़िता को जबरन उठा कर पहाड़ा गांव ले आया। यहां पति व ससुराल वालों ने मिलकर महिला को निर्वस्त्र किया और गांव में घुमाया। ससुराल वालों ने इस घटनाक्रम का वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। यह वीडियो करीब 24 घंटे बाद शुक्रवार शाम प्रतापगढ़ एस.पी. अमित कुमार सहित अन्य उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में आया तो हड़कम्प मच गया।

ए.डी.जी. दिनेश एम.एन. ने कहा कि, मामले में करीब 17 से 18 आरोपी हो सकते हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तारी कर जल्द से जल्द चालान पेश किया जाएगा और प्रयास रहेगा कि, केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो और आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलवायी जाये।

## घर को लूटने वाली...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गजेन्द्र सिंह शेखावत को इस मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा था।

जनसभा में प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने हिन्दुत्व पर फोकस किया और जयश्री राम के नारे लगवाए। उन्होंने बाबरी मस्जिद विध्वंस तक की बात की और कहा कि, दिसम्बर में बाबरी ढांचा गिरा था, तो उसी महीने में कांग्रेस ने हमारी भाजपा सरकार गिराई थी और इस दिसम्बर में जब अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बन चुका होगा तो राजस्थान में कांग्रेस की मुगलिया सरकार गिरेगी और भाजपा की सरकार बनेगी।

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, आज सवाईमाधोपुर की धरती पर जनता परिवर्तन का संकल्प लेकर आई है। प्रदेश में प्रतिदिन दुष्कर्म की 17 घटनाएं हो रही हैं। कल की धरियावद के पहाडा गांव की घटना लोगों के ज़हन में है, किस कदर एक विवाहिता को निर्वस्त्र कर घुमाया गया। इससे भी ज्यादा शर्मनाक तो यह है कि, चार साल में प्रदेश की पुलिस तीन हज़ार बार पिटी है। जिस प्रदेश में पुलिस का इकबाल जिंदा ना रहे वहां की कानून व्यवस्था का आप अंदाजा लगा सकते हैं।

## 'राफेल्स होटल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। ग्रुप ने इस दौरान कई बार फेमा (फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट 1999) का उल्लंघन किया। ई.डी. ने बताया कि, शुरूआती जांच में पाया गया है कि ट्राइटन ग्रुप बड़े स्तर पर विदेशों से हवाला के जरिए लेन देन करने में शामिल है।

वर्धा एन्टरप्राइजेज के डायरेक्टर हैं शिवशंकर शर्मा, मयंक शिवशंकर शर्मा, पोथी सिंह कमलेश और रतनकांत शर्मा। ट्राइटन होटल रिसोर्ट के डायरेक्टर्स में हितेश भायानी, रतनकांत शर्मा, जूही शर्मा, सारिका अनिल पालीवाल, पोथी सिंह कमलेश और श्वेता जैन शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार कार्रवाई में ई.डी. ने 1.27 करोड़ अघोषित नकद सहित कई संदिग्ध दस्तावेज, डिजीटल एवीडेंस, हार्ड डिस्क, मोबाइल सहित अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। इस दौरान खुलासा हुआ है कि ग्रुप द्वारा बड़े स्तर पर अघोषित ट्रांजेक्शन किया गया है। इस अघोषित ट्रांजेक्शन को ग्रुप द्वारा होटल के डवलपमेंट में निवेश किया गया है। ई.डी. का मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## 'विदेश भागने वाले अपराधियों की सम्पत्ति जब्त की जाए'

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **भारत सरकार, फ्रॉड करके विदेश भाग जाने वाले अपराधियों की सम्पत्ति जब्त करने संबंधी प्रावधान को जी-20 की "दिल्ली घोषणा" का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रही है।**

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। फरार होकर विदेश चले जाने वाले लोगों की सम्पत्तियों को ज़ब्त करने से संबंधित प्रस्ताव के लिये भारत जी-20 सम्मेलन में दबाव बनायेगा।

मौजूदा कार्यवाही की कानूनी कवायद में बहुत अधिक समय लगता है। यह प्रस्ताव जी-20 राष्ट्रों, जिसकी अध्यक्षता भारत कर रहा है, के वर्किंग ग्रुप द्वारा पहले ही अनुमोदित हो चुका है। इस प्रस्ताव पर 9-10 सितम्बर को सम्मेलन में विचार किया जायेगा।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि यह दिल्ली-घोषणा का हिस्सा बन सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को पहली बार 2018 के जी-20 सम्मेलनों में नियमित रूप से उठाया जाता रहा है। कई व्यवसायी भारतीय बैंकों के साथ फ्रॉड करके विदेश भाग गये हैं।

2014 में, भारत को विदेश 0भाग गये ऐसे लोगों से 1.8 अरब डॉलर वसूल करने में कामयाबी मिल गई थी। इसी प्रकार, सरकारी एजेंसियों ने देश के आर्थिक अपराधियों से 12 अरब डॉलर एक अन्य प्रकरण में वसूल किये थे।

## नड्डा की वरिष्ठों...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समाप्त हो जायेंगी। मध्य प्रदेश में शुरु होने वाली यात्रायें 25 सितम्बर को भोपाल में पार्टी कार्यकर्ताओं के महाकुंभ में समाप्त होंगी।

## जेट एयरवेज के फाउण्डर गिरफ्तार

मंबई, 2 सितम्बर (वार्ता)। एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ईडी) ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि गोयल पर कैनरा बैंक के साथ 538 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी करके अपराध के धन का शोधन करने आरोप है। गोयल को ईडी के अधिकारियों ने मामले की जांच के सिलसिले में यहां अपने आफिस में बुलाया था। गोयल से लम्बी पूछताछ के बाद रात में उन्हें धन शोधन निवारक अधिनियम के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाली एजेन्सी ईडी ने जांच के सिलसिले में गोयल और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर इसी साल 19 जुलाई को तलाशी ली थी। इस कार्रवाई में अधिकारियों की टीमों ने मुंबई और कुछ अन्य स्थानों पर छापे डाले थे। ईडी ने यह मामला केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जेट एयरवेज, उसके प्रर्वतक नरेश गोयल उनकी पत्नी तथा जेट एयरवेज के कुछ अधिकारियों के खिलाफ कैनरा बैंक से धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई हुई।

# राहुल गांधी ने लालू यादव से सीखी मटन की रैसिपी

**लालू यादव की सीक्रेट रैसिपी सीखने राहुल गांधी उनके घर पहुंचे, राहुल ने यह वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर भी अपलोड किया है**

- **वीडियो में राहुल गांधी, लालू यादव के घर में प्रवेश करते हुये दिखाई देते हैं। लालू ने फूलों का गुलदस्ता देकर राहुल का स्वागत किया।**

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरजेडी चीफ लालू प्रसाद यादव के साथ मिलकर मटन बनाया। राहुल ने यह वीडियो अपने यूट्ययूब चैनल पर अपलोड किया है। कुछ समय पहले ही राहुल ने बताया था कि लालू सबसे अच्छा खाना बनाते हैं। अब खुद राहुल लालू से उनकी सीक्रेट रेसिपी सीखने उनके घर पहुंचे। वीडियो में राहुल लालू यादव के घर में प्रवेश लेते दिखाई देते हैं। लालू ने फूलों का गुलदस्ता देकर राहुल का स्वागत किया। लालू ने कहा, आइए स्वागत है। सबसे खुशी का दिन आ गया। इसके बाद लालू ने राहुल गांधी को बिहार से मंगाए गए मटन की रेसिपी भी बताई।

राहुल ने अपने हाथों से मटन में तमाम मसाले डाले और हाथ से अच्छी तरह मिलाया। इस दौरान, लालू की बेटी और सांसद मीसा भी उनकी मदद करती रहीं। राहुल ने सवाल किया कि पहली बार आपने कब बनाना सीखा? इस पर लालू ने जवाब दिया कि बहुत छोटे थे, छठी-सातवीं कक्षा में। पटना आए थे, जहां हमारे भाई लोग काम करने आए थे। यहां पर खाने में उनकी मदद करते थे और फिर वही से मैंने सीखा। कांग्रेस सांसद ने लालू से पूछा कि बाहर किसी देश का खाना आपको पसंद है? इस पर लालू ने थाई फूड जवाब दिया। राहुल ने कहा कि मेरी बहन बनाती है, जिसे मैं आपको भिजवाऊंगा।

राहुल ने बातचीत के दौरान कहा कि मेरी बहन (प्रियंका) ने कहा है कि मटन को थोड़ा उसके लिए भी ले जाऊं। अगर नहीं ले गया तो बहुत दिक्कत हो जाएगी। इस पर मीसा और अन्य लोगों ने कहा कि हां जरूर। राहुल ने लालू व उनके परिवार के अन्य लोगों के साथ खाना खाया। इस दौरान राहुल से भी सवाल किया गया कि क्या आपको कुकिंग आती है? इस पर कांग्रेस नेता ने जवाब दिया कि हां, जब यूरोप में काम करता था, तब सीखना पड़ा। बेसिक चीजें बना लेता हूं, लेकिन एक्सपर्ट नहीं हूं।

## जातिगत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

खासतौर से यादवों- ने समेट लिया है। अनुमानों और आंकलनों के अनुसार, भारत के कुल मतदाताओं का एक बहुत बड़ा एवं बहुसंख्यक हिस्सा ओ.बी.सी. समुदाय का है। इसलिये, आज के जटिल राजनैतिक परिदृश्य में, कोई भी राजनैतिक दल इस ठोस एवं विशाल वोट-बैंक की अनदेखी नहीं कर सकता।

रोहिणी आयोग की 1100 पृष्ठों की रिपोर्ट में, ओ.बी.सी. की विभिन्न जातियों के अनुपातीय प्रतिनिधित्व तथा उन्हें अब तक मिले आनुपातिक लाभों से संबंधित आँकड़े उपलब्ध कराये गये हैं। अगर सरकार इस रिपोर्ट की सिफारिशों को स्वीकार करने का निर्णय लेती है तो सैद्धांतिक ढ़ाचे तथा पिछले चार दशकों से चले आ रही ओ.बी.सी. आरक्षण नीति के वास्तविक क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आ सकते हैं।

## हाई कोर्ट का सी.एम...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश हाईकोर्ट में वकालत करने वाले पूर्व न्यायिक अधिकारी शिवचरण गुप्ता की ओर से दायर जनहित याचिका पर दिए। जनहित याचिका में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ स्वप्रेरणा से आपराधिक अवमानना की कार्रवाई करने की गुहार की गई है।

जनहित याचिका में मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने न्यायपालिका के खिलाफ बयानबाजी की है। सीएम गहलोत ने न्यायपालिका में गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने सुना है कि कोर्ट के फैसले तक वकील लिखते हैं और वे जो लिखकर लाते हैं, वहीं फैसला आता है। मुख्यमंत्री गहलोत ने निचली व उच्च अदालतों दोनों पर अपना निशाना साधा था।

बाद में जब राजस्थान हाईकोर्ट में इस संदर्भ में याचिका दायर हुई और जल्द सुनवाई के लिए मामला सूचीबद्ध भी कर लिया गया, तब मुख्यमंत्री गहलोत ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि जुडिशिएरी में भ्रष्टाचार के संबंध में दिया गया बयान उनकी निजी राय को व्यक्त नहीं करता। उन्होंने कहा कि, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायधीशों ने भी न्यायपालिकाओं में चल रहे भ्रष्टाचार पर टिप्पणी की है। हालांकि मुख्यमंत्री के बयानों से यह स्पष्ट नहीं हो रहा कि उन्होंने किस संदर्भ में और किस कारणवश मीडिया में बयानबाजी की और न्यायपालिका की कार्यप्रणाली को "सैंसेशनलाइज" किया।

गत सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से अदालत ने पूछा कि क्या वह इस जनहित याचिका पर स्वत: संज्ञान लेकर आपराधिक कार्यवाही भी कर सकते हैं। परंतु अदालत ने मामले को सुनने के बाद अभी यह फैसला लिया कि पहले मुख्यमंत्री से जवाब तलब किया जाए और फिर ही आपराधिक कार्यवाही को प्रारंभ करने के संबंध में फैसला लिया जाए।

जनहित याचिका में कहा गया कि मुख्यमंत्री का यह बयान न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला और प्रतिष्ठा को गिराने वाला है। याचिका में कहा गया है कि गहलोत ने न सिर्फ न्यायिक अधिकारियों बल्कि वकीलों की प्रतिष्ठा को नीचे गिराने वाला बयान दिया है। याचिका में गुहार की गई है कि जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए स्वप्रेरणा से अदालती अवमानना को लेकर सीएम अशोक गहलोत के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई अमल में लाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सीएम गहलोत से जवाब तलब किया है।

दो अन्य याचिका दायर- वहीं दूसरी ओर रामगंजमंडी विधायक मदन दिलावर की ओर से अधिवक्ता डॉ. महेश शर्मा व अधिवक्ता हर्षिता शर्मा ने सीएम गहलोत के खिलाफ आपराधिक अवमानना याचिका पेश की है। वहीं अधिवक्ता मनु भार्गव व सौरभ सारस्वत ने भी इसी मुद्दे पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका पेश की है। हाईकोर्ट अगले सप्ताह इन याचिकाओं पर सुनवाई कर सकता है।

## आज़ाद व अधीर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परिदृश्यों, जैसे त्रिशंकुसदन, अविश्वास प्रस्ताव की स्वीकृति, दलबदल तथा अन्य ऐसी ही स्थितियों एवं कार्यवाहियों का विश्लेषण करेगी।

कमेटी उन सभी व्यक्तियों, ज्ञापनों तथा संदेशों का स्वागत करेगी, जो उसके विचार से, उसके काम को सुगम बना सकते हैं तथा उसे अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने में मदद कर सकते हैं।

इससे पूर्व, शुक्रवार को केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, "अभी-अभी एक कमेटी गठित कर दी गई है। यह कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी, जिस पर चर्चा होगी। संसद परिपक्व है तथा चर्चा होगी, परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है। भारत को लोकतंत्र का जन्मदाता कहा जाता है, विकास क्रम सदैव चलता रहता है। इसके बाद संसद के विशेष सत्र के एजेंडा पर चर्चा करेगी।"

# 'मणिपुर के अल्पसंख्यक कोम समुदाय की सुरक्षा की जाये'

- **मुक्केबाज मैरिकॉम ने अमित शाह को लिखे पत्र में कहा कि, मणिपुर में कोम समुदाय अल्पसंख्यक वर्ग में भी सबसे अधिक अल्पसंख्यक हैं, ये लोग बहुत सरल और सीधे-सादे हैं**
- **मैरीकॉम ने कहा, मणिपुर में कोम समुदाय के सभी लोग दो प्रतिद्वंद्वी समुदायों, मैतेई और कुकी के बीच बिखरे हुए हैं। हम दोनों युद्धरत समूहों मैतेई और कुकी) को कोम गांवों में घुसपैठ करने से रोकने के लिए सुरक्षा बलों की मदद चाहते हैं।"**

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। मणिपुर में भड़की हिंसा अब तक थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच, बॉक्सिंग स्टार एम सी मैरी कॉम ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

दरअसल, मैरी कॉम ने हस्तक्षेप की मांग की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सुरक्षा बल दोनों युद्धरत समूहों को मणिपुर के कोम गांवों में घुसपैठ करने से रोकें।

गुरुवार को शाह को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि कोम समुदाय मणिपुर की एक स्वदेशी जनजाति है, जो अल्पसंख्यकों में सबसे छोटी जनजाति में से एक है। पद्म विभूषण से सम्मानित खिलाड़ी मैरी कॉम ने कहा, "हम सभी दो प्रतिद्वंद्वी समुदायों के बीच बिखरे हुए हैं।

दोनों तरफ से मेरे समुदाय के खिलाफ संदेह होते हैं और सभी समस्याओं के बीच में फंसे हुए हैं। कमजोर आंतरिक प्रशासन और एक छोटा अल्पसंख्यक जनजातिय समुदाय होने के कारण हम अपने अधिकार क्षेत्र में घुसपैठ करने वाली किसी भी ताकत के खिलाफ लड़ने में सक्षम नहीं हैं।"

पद्म विभूषण पुरस्कार विजेता ने कहा, "हम दोनों युद्धरत समूहों को कोम गांवों में घुसपैठ से रोकने के लिए सुरक्षा बलों की मदद चाहते हैं।" उन्होंने भारतीय सेना, अर्धसैनिक बल और राज्य बलों के सभी तैनात दलों से अनुरोध किया कि वे सुरक्षा संबंधित मामलों में निष्पक्ष रहें और राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बनाए रखने में सफल हो।

पूर्व राज्यसभा सदस्य ने मणिपुर में सभी लोगों, विशेष रूप से मैतेई और कुकी समुदाय से मतभेदों को दूर करने और राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "हम सभी को सह-अस्तित्व की जरूरत है, इसलिए आइए अपने मतभेदों और घावों को दूर करें और एकजुट हो जाएं।"

## ई.डी. के रडार पर महेश जोशी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कौशिक राजनेता और ब्यूरोक्रेट्स के बीच में काम कर रहा था। जल जीवन मिशन में किसे क्या मिला। इसकी पूरी जानकारी कौशिक के पास है।

- **ई.डी. का मानना है कि, प्रॉपर्टी कारोबारी कल्याण सिंह मंत्री, विधायक, आई.ए.एस., आई.पी.एस. अधिकारियों का पैसा जमीनों में लगाता रहा है।**
- **बताया जा रहा है कि, रिटायर आर.ए.एस. अधिकारी अमिताभ कौशिक के घर ई.डी. को डेढ़ करोड़ रूपए नकद, एक किलो गोल्ड और निवेश के कई दस्तावेज मिले। अमिताभ कौशिक के साथ ई.डी. वन-टू-वन बात कर रही है।**
- **जरूरत पड़ने पर ई.डी. कौशिक से मुख्यालय बुलाकर भी पूछताछ कर सकती है। इसे लेकर उन्हें जल्द नोटिस दिया जा सकता है। कौशिक से होने वाली पूछताछ के लिए ई.डी. कौशिक को रिमांड पर भी ले सकती है।**

ई.डी. को जे.डी.ए. में तैनात तहसीलदार सुरेश शर्मा के घर से 80 लाख रुपए की कैश और जमीन की रजिस्ट्री के दस्तावेज मिले हैं। सुरेश शर्मा को भी ई.डी. ने स्टैंड बाई पर रखा है। जल्द ई.डी. की टीमें उससे दोबारा पूछताछ करेंगी। क्योंकि उसका लिंक सिविल लाइन्स से होना साफ-साफ दिखाई दे रहा है।

# राज्यों को कड़ी शर्तों के साथ इलैक्ट्रिक बसें देगी केन्द्र सरकार

**केन्द्र सरकार का इन शर्तों के पीछे यह सुनिश्चित करना मकसद है कि, ये महंगी इलैक्ट्रिक बसें भी पिछली योजनाओं की भांति अनोपयोगी और विफल ना हो जायें**

- **169 शहरों को प्रधानमंत्री ई बस सेवा के तहत बसें मिलेंगीं।**
- **केन्द्र ने राज्य सरकारों को दिशा-निर्देश जारी किया है, उसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि, शहरों को बसों के संचालन वाले रूट के रखरखाव के लिए संबंधित विभाग के साथ एम.ओ.यू. करना होगा और वे उस रूट पर बसों का संचालन करने वाले निजी ऑपरेटरों पर लगाम लगाने के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों के साथ भी समझौता करेंगे।**
- **किसी भी शहर में सरकारी बसों के संचालन में यह सबसे बड़ी समस्या आती है कि, निजी ऑपरेटर सरकारी तंत्र की मिलीभगत से मनमानी करते हैं।**

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। शहरों में सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार पीएम ई बस सेवा योजना के तहत राज्यों को कड़ी शर्तों के साथ बसें उपलब्ध कराएगी। उद्देश्य यह है कि ये बसें बदलाव और सुधार के वाहन बनें, न कि उनका हाल जे.एन.यू.आर.एम. जैसी योजना में की गई विफल कोशिश जैसा हो जाए।

169 शहरों में लागू की जा रही प्रधानमंत्री ई बस सेवा योजना से संबंधित जो दिशा-निर्देश केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने जारी किया है, उसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि शहरों को बसों के संचालन वाले रूट के रखरखाव के लिए संबंधित विभाग के साथ एमओयू करना होगा और वे उस रूट पर बसों का संचालन करने वाले निजी ऑपरेटरों पर लगाम लगाने के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों के साथ भी समझौता करेंगे।

किसी भी शहर में सरकारी बसों के संचालन में यह सबसे बड़ी समस्या आती है कि निजी ऑपरेटर सरकारी तंत्र की मिलीभगत से मनमानी करते हैं। अपनी तरह की इस पहली योजना में केंद्र सरकार 169 शहरों को 20 हजार करोड़ रुपये की सहायता बसों की खरीद तथा उनके संचालन के लिए देने जा रही है।

वैसे इस पूरी योजना में 57 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च किए जाएंगे, जिसमें एक बड़ा हिस्सा शहरों में बस डिपो जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए भी खर्च किया जाएगा। पहले चरण में 10 हजार बसें शहरी स्थानीय निकायों को संचालन के लिए दी जाएंगी। योजना की सामान्य शर्तों में यह भी शामिल है कि प्रोजेक्ट के तहत दिए जाने वाले पैसे का थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य होगा, ताकि पूरी पारदर्शिता रहे।

शहरों को हर तीन महीने में बसों के संचालन का हिसाब-किताब देना होगा। योजना के तहत तीन तरह की बसें-स्टैंडर्ड, मीडियम और मिनी चलाई जाएंगी। शहरों को आबादी के लिहाज से चार श्रेणियों में बांटा गया है। 20 से 40 लाख तक की आबादी वाले शहरों को 150, 10 से 20 लाख तथा पांच से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों को सौ-सौ तथा पांच लाख से कम आबादी वाले शहरों को 50 ई बसें मिलेंगी।

योजना के दस्तावेज के मुताबिक, केंद्रीय सहायता सुनिश्चित किलोमीटर संचालन के लिहाज से दी जाएगी और अगर बसें इससे कम किलोमीटर चलती हैं तो केंद्रीय सहायता उसी के अनुपात में कम हो जाएगी। केंद्र सरकार केवल पहली तिमाही के लिए धनराशि एडवांस में देगी और इसके बाद शहरों के प्रदर्शन के आधार पर पैसा दिया जाएगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभ्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908